www.akhandbharatsandesh.net

वर्ष 24, अंक 341, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, जौनपुर, वाराणसी, गाजीपुर में प्रसारित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 20 जून 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## SUNDAY, JUNE 21, 2026

## INTERNATIONAL DAY OF YOGA


Is Day of Ahimsa, Asteya, Aparigraha, Brahmacharya, Oneness with Truth, Oneness with God ( All Creation ) Victory over Maya...

*This is Day of Kriyayoga - Sanatan Dharma*

## SCHEDULE

**7 am to 9 am @**
Kriyayoga Ashram & Research Institute, Mahavatar Babaji Vatvraksh Meditation Hall

**7 pm to 9 pm @**
Sarva Dharma Mandir Mela Camp, Mahatma Gandhi Marg



www.akhandbharatsandesh.net

वर्ष 24, अंक 341, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, जौनपुर, वाराणसी, गाजीपुर में प्रसारित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 20 जून 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## विकसित भारत के युवा सपनों को उड़ान, 70 लाख नौकरी बनीं हकीकत- पीएम

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत लगभग 15 लाख लाभार्थियों के लिए 2,400 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की। इस दौरान मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना पहली बार नौकरी तलाशने वाले युवाओं और उद्योग के बीच सेतु का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि सरकार नए रोजगार सृजित करने वाले नियोक्ताओं को प्रोत्साहित करती है। प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के जरिये 70 लाख नौकरियां सृजित, लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिला। उन्होंने कहा कि सरकार, युवा और उद्योग जब मिलकर काम करते हैं तो रोजगार सृजन कई गुना बढ़ता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं कुछ ही घंटे पहले फ्रांस और स्लोवाकिया की यात्रा से लौटा हूँ। ऋ7 में मेरी मुलाकात विकसित देशों के प्रमुख नेताओं से हुई। आज दुनिया भारत की युवा शक्ति की चर्चा कर रही है। दुनिया भारत के युवाओं की क्षमता को पहचानने लगी है।



और ऐसे समय में, हमारी कोशिश यह सुनिश्चित करना है कि भारत का हर युवा अपनी क्षमता को अवसर में बदल सके, और इसी सोच के साथ 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना' शुरू की गई।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना की मदद से अब तक लगभग 70 लाख नौकरियां पैदा हुई हैं। लगभग 70 लाख ऐसे लोगों को भी सोशल सिक्योरिटी कवरेज मिला है जो पहली बार नौकरी कर रहे हैं। लगभग 20 लाख युवाओं ने अपनी पहली नौकरी में छह महीने पूरे कर लिए हैं, और आज इनमें से लगभग 10 लाख युवाओं को अपनी पहली नौकरी में छह महीने पूरे करने के बाद इस योजना के तहत फायदा (इंसेंटिव) मिला है। उनके बैंक खातों में सीधे 2,000 करोड़ से ज्यादा की रकम भेजी गई है। यह रकम सिर्फ. आर्थिक मदद नहीं है; यह उनकी कड़ी मेहनत की पहचान है।

मोदी ने कहा कि ये आंकड़े और अनुभव बताते हैं कि जब सरकार, युवा और उद्योग एक साथ आगे बढ़ते हैं, तो रोजगार निर्माण की गति कई गुना बढ़ जाती है।

पीएम विकसित भारत रोजगार मेला योजना, इसी नए भारत की पहचान है। एक ऐसा भारत, जहां युवा को अवसर मिले, उद्योग को प्रोत्साहन मिले और रोजगार निर्माण एक राष्ट्रीय अभियान बन जाए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का रास्ता युवाओं के सपनों, उनके कौशल और उनके सामर्थ्य से होकर जाता है। भारत जैसे युवा देश में अवसरों के स्रोत जितने अधिक होंगे युवाओं के सपनों को उतनी ही अधिक उड़ान मिलेगी। इसी सोच के साथ बीते 12 वर्षों में रोजगार के हर रास्ते को मजबूत किया गया है।

पीएम ने कहा कि दुनिया भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए तैयार हो रही है और भारत भविष्य की अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करने की तैयारी कर रहा है। दुनिया फ्यूचर टेक्नोलॉजी की ओर आगे बढ़ रही है और भारत अपने युवाओं को फ्यूचर रेडी बनाने में जुटा है। यही भारत के युवाओं के लिए सबसे बड़ा अवसर है, और हमें इस अवसर का पूरा लाभ उठाना है।

## नीट पेपर लिंक पर टेलीग्राम को झटका, दिल्ली हाई कोर्ट
## सरकार का अस्थायी बैन अनुचित नहीं

**नई दिल्ली**

दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को NEET-UG 2026 की दोबारा परीक्षा से पहले इंस्टेंट मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम पर कुछ समय के लिए रोक लगाने के केंद्र सरकार के फैसले को सही ठहराया। कोर्ट ने कहा कि सरकार के उठाए गए कदम परीक्षा में गड़बड़ी की चिंताओं को दूर करने के लिए उचित और खास तौर पर इसी मकसद से तय किए गए थे। जस्टिस तेजस करिया ने यह फैसला सुनाया और टेलीग्राम की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी



एक्ट, 2000 की धारा 69अ के तहत जारी ब्लॉकिंग ऑर्डर को चुनौती दी गई थी। फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने कहा कि सरकार के उपाय कम से कम पाबंदी वाले हैं। यह नहीं कहा जा सकता कि आदेश जरूरत से ज्यादा सख़्त है। सरकार ने यह अस्थायी रोक इसलिए लगाई थी क्योंकि उन्हें शक था कि NEET-UG विवाद में शामिल संगठित नकल करने वाले नेटवर्क टेलीग्राम का इस्तेमाल कर रहे थे।

3 मई को हुई NEET-UG परीक्षा में पेपर लीक और गड़बड़ियों के आरोप सामने आने के बाद उसे रद्द कर दिया गया था और दोबारा परीक्षा कराने का फैसला किया गया था। इस मामले की जांच सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन कर रही है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) की सिफारिशों पर अमल करते हुए, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) ने भारत में 22 जून तक टेलीग्राम के इस्तेमाल पर अस्थायी रोक लगाने का निर्देश दिया।

## ट्रंप पर भड़क गईं मेलोनी, बोलीं- झूठ की भी हद होती है, इटली कभी किसी के आगे नहीं झुकता

**अमेरिका**

**अमेरिका** और उसके पारंपरिक सहयोगियों के बीच बढ़ते तनाव के बीच इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों पर तीखा हमला बोला है. मेलोनी ने ट्रंप के बयानों को पूरी तरह "गढ़ी हुई कहानी" करार देते हुए कहा कि उन्हें यह देखकर हैरानी और दुख होता है कि अमेरिका का राष्ट्रपति अपने ही सहयोगी देशों के साथ इस तरह का व्यवहार करता है.

मेलोनी ने बिना किसी लाग-लपेट के कहा कि ट्रंप के बयान तथ्यों से कोसों दूर हैं. उन्होंने कहा, "यह पहली बार नहीं है जब ऐसा हुआ है, लेकिन यह बेहद शर्मनाक है." इटली की प्रधानमंत्री ने सवाल उठाया कि जो सख्ती ट्रंप अपने मित्र देशों के खिलाफ दिखाते हैं, वही दृढ़ता पश्चिमी देशों के विरोधियों और अमेरिका के प्रतिद्वंद्वियों के सामने क्यों नहीं दिखाई देती।

## 'युद्ध में टूटती है आपूर्ति श्रृंखला आत्मनिर्भरता ही विकल्प'



**नागपुर**

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को नागपुर में यंत्र इंडिया लिमिटेड की सुविधा में 10,000 टन की अत्याधुनिक एल्युमीनियम एक्सट्रूजन प्रेस के लिए 'भूमि पूजन' किया। उन्होंने इसे आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की "बदलाव लाने वाली सोच" का प्रतीक बताया। वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि यह प्रोजेक्ट दिखाता है कि भारत कैसे महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए आयातक से घरेलू निमार्ता बनने की ओर बढ़ रहा है। सिंह ने कहा यह हमारी बदलाव लाने वाली सोच का प्रतीक है। जिन जरूरतों के लिए देश को कभी बाहर देखना पड़ता था, उन्हें अब धीरे-धीरे हमारे अपने देश में हमारे अपने नागरिक ही पूरा कर रहे हैं। मुझे लगता है कि यह जरूरी है क्योंकि हम सभी आज दुनिया के हालात देख सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय टकरावों के दौरान ग्लोबल लॉजिस्टिक्स की कमजोरी को बताते हुए, रक्षा मंत्री ने स्वदेशीकरण के रणनीतिक महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "जब युद्ध छिड़ते हैं, तो पूरी सप्लाई व्यवस्था पर असर पड़ता है। इसलिए, ऐसे समय में हर देश चाहता है कि उसकी सुरक्षा से जुड़ी सभी जरूरी चीजें उसके अपने हाथों में हों और उन्हें वह खुद बनाए। भारत के रक्षा क्षेत्र में तेजी से हो रही बढ़ोतरी का ज़िक्र करते हुए, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि 2014 के बाद से देश के घरेलू रक्षा उत्पादन और निर्यात में जबरदस्त उछाल आया है।

## ग्रेट निकोबार परियोजना की पर्यावरण मंजूरी और पारदर्शिता पर जयराम रमेश ने उठाए सवाल

**नई दिल्लीः ग्रेट** निकोबार द्वीप परियोजना को लेकर कांग्रेस और केंद्र सरकार के बीच विवाद एक बार फिर तेज हो गया है। कांग्रेस महासचिव और पूर्व केंद्रीय पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने शुक्रवार को केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखकर परियोजना से जुड़े पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) और निगरानी प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि परियोजना के विभिन्न पहलुओं का आकलन पर्याप्त नहीं है और पर्यावरण मंत्रालय के निर्धारित मानकों से काफी कम है। यह पत्र पिछले कुछ वर्षों में दोनों नेताओं के बीच इस परियोजना को लेकर हुए पत्राचार की कड़ी में नया अध्याय माना जा रहा है।

'मंत्री का जवाब निराशाजनक और असंतोषजनक'

जयराम रमेश ने अपने पत्र में लिखा कि तीन जून 2026 को भेजे गए उनके पत्र के जवाब में 13 जून को पर्यावरण मंत्री की ओर से जो प्रतिक्रिया मिली, वह संतोषजनक नहीं थी।

## बागी सांसदों ने बेची ईमानदारी- अभिषेक बनर्जी

**नई दिल्ली**

**तृणमूल** कांग्रेस ने बागी सांसदों के खिलाफ अपनी लड़ाई को राष्ट्रीय राजधानी तक पहुँचा दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात की और 20 TMC सांसदों के 'नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया' में विलय के मुद्दे पर चर्चा की। कोलकाता में पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी से बातचीत के बाद, बनर्जी वरिष्ठ नेताओं डेरेक ओ'ब्रायन और सौगत रॉय के साथ दिल्ली पहुँचे। इस घटनाक्रम से TMC के सामने चल रहे राजनीतिक संकट में और





तेजी आ गई है।

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मिलने के बाद, TMC के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि TMC के 20 सांसदों ने 3-4 दिन पहले स्पीकर से मुलाकात की और अपना अलग गुट बनाने का दावा किया। मीडिया के अनुसार, उन्होंने एक अलग गुट के तौर पर माने जाने का दावा किया है। फिर कुछ घंटों बाद उनमें से 2-4 लोगों ने NCPI में विलय का दावा किया, जिसके बारे में हमने कभी नहीं सुना था। ळटउ के लोकसभा नेता के तौर पर, मैंने अयोग्यता की 20 अलग-अलग याचिकाएं सौंपी हैं... 10वीं अनुसूची उनके खिलाफ है, उन लोगों के खिलाफ जो अलग गुट बनाने का दावा करते हैं। अगर उनमें थोड़ी भी ईमानदारी है, तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि इन 20 (बागी सांसदों) ने लोगों को धोखा दिया और संविधान का अनादर व अपमान किया। उन्होंने अपनी अंतरात्मा, सम्मान और ईमानदारी बेच दी है।

## आतंकियों पर चारों तरफ से वार, सेना ने बनाया अभेद्य चक्रव्यूह

**जम्मू-कश्मीर**

**जम्मू**-कश्मीर में राजौरी के दोरिमल जंगलों में आतंकवाद के खिलाफ चल रहा महाअभियान अब 28वें दिन में प्रवेश कर चुका है। मंझाकोट सेक्टर के गंभीर मुगलान इलाके में फैले घने और खतरनाक जंगल इस वक्त बारूद, गोलियों और जवानों के अदम्य साहस के गवाह बने हुए हैं। "ऑपरेशन शेरुवाली" ने अब ऐसा रूप ले लिया है, जिसने सीमा पार बैठे आतंक के आकाओं की नींद



उड़ा दी है।

हम आपको बता दें कि दोरिमल की पहाड़ियां वह दुर्गम इलाका है जहां हर कदम मौत के साये में उठाया जा रहा है। ऊंची ढलानें, फिसलन भरी चट्टानें, घनी झाड़ियां और गहरी खाइयां सुरक्षा बलों की राह रोकने की लगातार कोशिश कर रही हैं, लेकिन जवानों का हौसला हर चुनौती पर भारी पड़ रहा है। आतंकियों को खत्म करने के लिए सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को लोहे के शिकंजे में जकड़ दिया है। सुरक्षा एजेंसियों ने जंगल के हर कोने को खंगालने के लिए जबरदस्त तलाशी और घेराबंदी अभियान तेज कर दिया है। सेना, पुलिस और दूसरी एजेंसियां मिलकर लगातार जंगलों में दबिश दे रही हैं।

### सीएम की दो टूक,
## दोषी बख्शे नहीं जाएंगे, एसआईटी को सौंपे सबूत

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज अयोध्या में कई धार्मिक, सांस्कृतिक और विकास से जुड़े कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे हैं। यह सब ऐसे समय में हो रहा है जब राम मंदिर से जुड़े चंदे और वित्तीय पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं और कथित हेराफेरी को लेकर विवाद जारी है। इसी बीच सीएम योगी का बड़ा बयान सामने आया है। पूरे विवाद पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साफ तौर पर कहा है कि जिसके



पास भी किसी भी तरह के सबूत है वह उन्हें विशेष जांच दल को सौंपे। इसके साथ ही उन्होंने भरोसा बताया है की जांच पूरी होने के बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

योगी ने यह भी कहा कि जांच में जो लोग भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही होगी। किसी भी सूरत पर उन्हें पक्ष बख्शा जाएगा।

योगी ने कहा कि एसआईटी की रिपोर्ट का इंतजार हम सभी को करना चाहिए। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि कोई भी इस मामले में अनर्गल बयान न दे। विपक्ष पर निशान चाहते हुए योगी ने कहा कि जो लोग कभी राम भक्तों पर गोली चलाने का काम करते थे, आज वही उपदेश दे रहे हैं।

## 1191 फ्रेम में एक भी चेहरा या कद मुझसे मेल नहीं खाता

**चंडीगढ़ः पंजाब** के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित एक कथित वीडियो को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह पूरी तरह फर्जी है और उन्हें बदनाम करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। उन्होंने गुरुवार को एक्स, फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया मंचों पर जारी एक वीडियो संदेश में दावा किया कि संबंधित वीडियो के 1191 फ्रेम की वैज्ञानिक जांच कराई गई है और उनमें से कोई भी फ्रेम उनके चेहरे, शारीरिक बनावट, कद या व्यक्तित्व से मेल नहीं खाता। मुख्यमंत्री ने इस पूरे मामले को राजनीतिक और व्यक्तिगत छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश बताते हुए कहा कि कुछ ताकतें पंजाब की प्रगति और जनता से मिल रहे समर्थन को स्वीकार नहीं कर पा रही हैं। यह विवाद उस समय और बढ़ गया जब 15 जून को अमृतसर स्थित श्री अकाल तख्त साहिब में पांच सिंह साहिबानों की बैठक के बाद श्री अकाल तख्त के कार्यकारी जत्थेदार ने इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो को वास्तविक बताया था। इस बयान के बाद राजनीतिक और धार्मिक हलकों में बहस तेज हो गई थी। हालांकि, मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अपने ताजा वीडियो संदेश में इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि वीडियो की जांच पंजाब से बाहर स्थित दो स्वतंत्र फोरेंसिक प्रयोगशालाओं में कराई गई है।

## फुटपाथ पर चलना मौलिक अधिकार
### सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया. इसमें माननीय अदालत ने कहा है कि फुटपाथ पर चलना संविधान के तहत एक सुरक्षित मौलिक अधिकार है. कोर्ट ने कहा है कि सड़कों पर मोटर गाड़ियों की आवाजाही से ज्यादा अहमियत इस अधिकार को दी जानी चाहिए.

कोर्ट ने शुक्रवार को दिए अपने फैसले में जस्टिस पीएस नरसिम्हा, जस्टिस एएस चंदुरकर की बेंच ने कहा है कि पैदल चलने का अधिकार संविधान के आर्टिकल 19(1)(ऊ) के तहत मिली आजादी का हिस्सा है. यह भारत में पूरे इलाके में कहीं न कहीं आजादी से घूमने फिरने के अधिकार की सुरक्षा करता है. कानूनी तौर पर इस अनुच्छेद को 19(1)(˙), 19(1)( ), 19(1)( ) और अनुच्छेद 21 के साथ मिलाकर पढ़ा जाता है. यह जीवन की व्यक्तिगत आजादी के अधिकार को सुरक्षित करते हैं.

इधर, बेंच ने कहा है कि अगर कोई सड़क है तो यह पक्का करना जरूरी है कि पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ बनाया जाए. उसका रखरखाव किया जाए. यह एक ऐसी जिम्मेदारी है, जिसे लागू किया जा सकता है.





मोटर दुर्घटना से जुड़े मामले में कोर्ट ने सुनाया फैसला

दरअसल, कोर्ट ने यह फैसला एक मोटर दुर्घटना मुआवजे के मामले में दिया. इसमें पांच साल के एक बच्चे की मौत हो गई थी. उसके पिता सुबह 9 बजे स्कूल ले जा रहे थे. तभी पीछे से आ रहे एक टैंकर ने बच्चे को टक्कर मार दी. इससे उनकी कमर और शरीर का निचला हिस्सा कुचल गया. चोट के कारण बच्चे की मौत हो गई. उस जगह पर किसी तरह की क्रॉसिंग या फुटपाथ नहीं था.

इसी पर कोर्ट ने बच्चे के पिता को मिलने वाले मुआवजे की रकम बढ़ाकर 11,44,628 रुपये कर दी है. इसे दो महीने के अंदर देने का आदेश भी कोर्ट की तरफ से दिया गया है. कोर्ट ने हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें पहले तय की गई मुआवजे की रकम को कम कर दिया गया था।

## राहुल गांधी की तस्वीर के दुग्धाभिषेक पर भड़के भाजपा नेता, बोले-जो राम के नहीं हुए

**लखनऊ। उत्तर** प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की तुलना भगवान परशुराम से किए जाने पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जनता सब कुछ देख रही है और भविष्य में करारा जवाब भी मिलेगा।

राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेसी कार्यकताओं ने राहुल गांधी को भगवान परशुराम के तौर पर दिखाया। वाराणसी स्थित गंगा घाट के पास कार्यकताओं ने राहुल गांधी की तस्वीर पर दूध से अभिषेक किया। फोटो में राहुल गांधी के एक हाथ में परशुराम का फरसा, दूसरे में संविधान था। कांग्रेस कार्यकताओं की इस गतिविधि के बाद राजनीतिक और सामाजिक संदेश को लेकर बहस तेज हो गई है।

ब्रजेश पाठक ने कहा, "कांग्रेस नेताओं की बुद्धि मारी गई है। भगवान परशुराम, भगवान विष्णु के अवतार हैं। राहुल गांधी की तुलना भगवान परशुराम से करना उन्हें भारी पड़ेगा, ऐसा बिल्कुल भी संभव नहीं है। जो लोग सनातन धर्म का विरोध करते हैं, वे खुद की तुलना भगवान परशुराम से करने के बारे में सोच भी नहीं सकते। राहुल गांधी और कांग्रेस ने तो हमेशा भगवान राम को काल्पनिक माना था।

# प्रयागराज में सड़क सुरक्षा पर सख्ती : अवैध टैक्सी स्टैंड, डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश, शराब दुकानों के लाइसेंस निलंबन की चेतावनी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** शहर में बढ़ते यातायात दबाव, जाम और सड़क सुरक्षा से जुड़े मामलों को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। शुक्रवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अवैध टैक्सी स्टैंड, डग्गामार वाहनों, बिना नंबर और अपंजीकृत वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बार-बार शिकायत मिलने पर शराब दुकानों के लाइसेंस निलंबित करने की चेतावनी भी दी गई।

संगम सभागार में हुई बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शहर को जाम से राहत दिलाने के लिए चिन्हित 16 स्थायी होल्डिंग एरिया में ही बसों और ट्रकों की पार्किंग सुनिश्चित की जाए। पुलिस और परिवहन विभाग को संयुक्त रूप से डग्गामार बसों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बिना नंबर वाले वाहनों और अपंजीकृत गाड़ियों पर प्रवर्तन कार्रवाई तेज करने को भी कहा।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों का बार-बार उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाए। इसके अलावा मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के संचालन में आ रही समस्याओं का समाधान कर मेजा और करछना मार्गों पर बस सेवाओं को प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में ताशकंद मार्ग पर मौजूद कटों को बंद कराने की प्रगति रिपोर्ट 23 जून तक उपलब्ध कराने को कहा गया। साथ ही राष्ट्रीय



राजमार्गों पर आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में क्रेन उपलब्ध रखने और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस को तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

**सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों पर होगी कार्रवाई**

जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, प्रयागराज विकास प्राधिकरण और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा निर्मित रेलिंग, डिवाइडर और अन्य सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी मैरिज हॉल, पेट्रोल पंप या होटल संचालक की संलिप्तता सामने आती है तो उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए।

**ब्लैक फिल्म, मोबाइल पर बात और बिना हेलमेट चलाने वालों पर शिकंजा**

बैठक में एआरटीओ और पुलिस विभाग को वाहनों में लगी काली फिल्म हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा गया। साथ ही बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग न करने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ चालान के साथ ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

इसके अलावा स्टंटबाजी रोकने, ओवरलोडिंग और अवैध खनन पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया।

**शराब दुकानों के बाहर भीड़ और जाम पर जताई नाराजगी**

बैठक में सिविल लाइंस और मेडिकल चौराहा क्षेत्र सहित अन्य स्थानों पर शराब दुकानों के बाहर लगने वाली भीड़ और जाम की स्थिति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने आबकारी विभाग को निर्देश दिया कि जिन दुकानों के बाहर अवैध रूप से शराब सेवन, भीड़भाड़ और यातायात बाधित होने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं, उनके लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई की जाए।

उन्होंने खुले में और वाहनों में बैठकर शराब पीने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए प्रवर्तन अभियान तेज करने के निर्देश भी दिए।

**हाईवे पर एंबुलेंस और क्रेन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश**

जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को हाईवे और प्रमुख सड़कों के किनारे स्थित अस्पतालों की जियो-टैगिंग कराने तथा एंबुलेंस की रणनीतिक तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना की स्थिति में रिस्पांस टाइम कम करने के लिए पर्याप्त संख्या में एंबुलेंस उपलब्ध रहनी चाहिए। सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी आपात चिकित्सा सेवाओं के लिए चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया।

बैठक में विद्यावाहिनी बस अड्डे के आसपास बसों की व्यवस्थित पार्किंग, मोबाइल टॉयलेट, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य, अपर जिलाधिकारी नगर सत्यम मिश्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और परिवहन यूनियनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात चिकित्सक के साथ मारपीट

**आयुष्मान आरोग्य मंदिर अल्हवा पर तैनात चिकित्सक का मामला पुलिस को दी तहरीर**

**कोरांव।** विकासखंड कोरांव के नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र अल्हवा पर तैनात चिकित्सक के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसके बाद चिकित्सक के द्वारा पुलिस को तीन लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की गई है।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र अल्हवा के चिकित्सक शाहिद पवार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि गांव के कुछ अराजक तत्व आए दिन अस्पताल के परिसर में नशा खोरी करते हैं। जिन्हें कई बार मना किया गया लेकिन वे मान नहीं रहे हैं। शुक्रवार को दोपहर अल्हवा गांव के रहने वाले विनोद कुमार पुत्र राधेश्याम, राहुल कुमार पुत्र रामलाल व जितेंद्र कुमार सिंह पुत्र रामराज को जब अस्पताल परिसर में नशाखोरी करने से रोका तो गाली गलौज देते हुए मेरे साथ मारपीट की। आरोप है कि मेरा लैपटॉप व मोबाइल भी छीनने का प्रयास किया और बोतल व कुर्सियों से मारा-पीटा। मारपीट में अस्पताल के आवश्यक दस्तावेज आदि भी तितर बितर हो गए। कहीं शिकायत करने पर उपरोक्त लोगों के द्वारा जान से मारने की धमकी भी दी गई है। मारपीट के बाद शुक्रवार को शाम 4 बजे उप स्वास्थ्य केंद्रों के दर्जन भर चिकित्सक थाना कोराव पहुंचे जहां तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।




थाना कोरांव पर एकत्रित डाक्टरों की टीम गिरफ्तारी की मांग करते हुए

चिकित्सकों ने कार्यवाही न होने पर हड़ताल की भी चेतावनी दी है।

मामले में थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। समाचार लिखे जाने तक पुलिस टीम इंस्पेक्टर सहित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु गांव में गए थे। स्थलीय जांच के बाद ही घायल चिकित्सक की डाक्टरी मुआयना कराने की बात इंस्पेक्टर ने कही। फिलहाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव के चिकित्सकों में असंतोष व्याप्त है। गिरफ्तारी न होने पर हड़ताल कि चेतवानी दी गई है।

## विकास के दावों की खुली पोल, गंदगी और बदहाली से जूझ रहे ओठगी तरहार वासी

**अखंड भारत संदेश**

**लालापुर।** क्षेत्र के ओठगी तरहार ग्राम पंचायत में सरकारी दावों और हकीकत में कितना फर्क होता है, इसका जीता-जागता उदाहरण देखना है तो ओठगी ग्राम पंचायत की गलियों का रुख कर लीजिए। यहाँ विकास के नाम पर केवल बदहाली और गंदगी का राज है। सड़क से लेकर नालियों तक, हर तरफ समस्याएँ ही समस्याएँ हैं, जिससे ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है।

**कीचड़ भरी गलियों से गुजरने को मजबूर है ग्रामीण**

भगत के घर से लेकर हृदया लाल के घर तक की पूरी सड़क की हालत इतनी दयनीय है कि यहाँ से गुजरना किसी चुनौती से कम नहीं है। सड़क पर हर तरफ कीचड़ और गंदगी का अंबार लगा हुआ है। ग्रामीणों को इसी गंदे पानी और कीचड़ के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। बारिश के मौसम में तो स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब पूरी गली एक तालाब का रूप ले लेती है और लोगों का घर से निकलना भी दूभर हो जाता है।

**खुली नालियों से बीमारियों का खतरा।**

पंचायत में नालियों की व्यवस्था तो और भी बुरी है। चंद्र प्रकाश गोस्वामी के घर से लेकर दीपक मिश्रा के घर तक नालियां या तो अधूरी बनी हैं या फिर जाम पड़ी हैं। साफ दिखाई दे रहा है कि किस तरह कचरे से पटी नालियों का गंदा पानी खुलेआम बह रहा है। यह गंदगी न केवल बदबू फैला रही है, बल्कि मच्छरों और मक्खियों के लिए पनपने का एक सुरक्षित स्थान भी बन गई है। इस वजह से पंचायत में मलेरिया, डेंगू और डायरिया जैसी घातक बीमारियों के फैलने का गंभीर खतरा बना हुआ है। छोटे बच्चे और बुजुर्ग इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।

**जिम्मेदारों की उदासीनता:**

ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार पंचायत के प्रधान और अन्य अधिकारियों से इस समस्या की शिकायत की है, लेकिन उनकी बातों को हमेशा अनसुना कर दिया गया।





चुनाव के समय तो विकास के बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन जीतने के बाद कोई भी सुध लेने नहीं आता। ऐसा लगता है कि प्रशासन को ग्रामीणों की इन समस्याओं से कोई सरोकार ही नहीं है।

ओठगी वासियों ने जिला प्रशासन से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। वे चाहते हैं कि उनके घर के सामने की सड़कों और नालियों का जल्द से जल्द निर्माण कराया जाए और इस गंदगी से उन्हें मुक्ति दिलाई जाए। ग्रामीण यह भी चेतावनी दे रहे हैं कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, मुख्यमंत्री से पत्र लिख कर शिकायत करेंगे।

ओठगी ग्राम पंचायत में विकास कार्य केवल कागजों तक ही सीमित हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन कब नींद से जागता है और ग्रामीणों की इस समस्या का समाधान करता है।

## साहिब श्री गुरु अर्जन देव महाराज जी की शहादत दिवस पर गुरुद्वारा गुरबाणी से सराबोर



**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी घन-घन श्री गुरु अर्जन देव महाराज जी के शहीदी गुरूपर्व पर श्रद्धा भाव के साथ नैनी गुरुद्वारा संगत,गुरबाणी से सराबोर हो रहा था साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के आगे संगतो का प्रातः काल से ही मत्था टेककर आशीर्वाद लेने वालों का सिलसिला बराबर चलता रहा। रागी जत्थों ने शब्द-कीर्तन सुना कर संगत को निहाल किया गुरुद्वारे में गुरु नाम की गूंज होती रही। शबद कीर्तन, गुरु इतिहास, अरदास, हुक्मनामा उपरांत गुरुद्वारा गेट पर छबील व चने का प्रसाद अटूट वितरित हुआ। नैनी काटन मिल मिजार्पुर रोड़ के समीप सुबह से संध्या काल तक मीठे शरबत और चने का प्रसाद राहगीरों को बड़ी श्रद्धा आस्था स्नेहा से जन मानस के मध्य वितरित होता रहा और प्रसाद बड़ी प्रेम और श्रद्धा से जगह-जगह जनमानस ने ग्रहण किया। सेवा मे सर्वश्री ज्ञानी निहाल सिंह, दवेन्द्र सिंह, परमिंदर सिंह बंटी, सरदार पतविंदर सिंह, सुरेंद्र सिंह, लखविंदर जग्गी, राजू चढ़ा, गोल्डी, गुरूनाम सिंह, देविंदर पाल सिंह, हरप्रीत सिंह, योगेन्द्र सिंह, सनप्रीत सिंह, मनजीत सिंह, जसवीर सिंह सोढ़ी सहित बड़ी संख्या मे सेवादार राहगीरों की सेवा सत्कार में प्रयत्नशील रहे।

## राहुल गांधी का जन्मदिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गरीबों में बांटे फल व मिष्ठान

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** बीरकाजी फूलपुर में शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी गंगापार के कार्यकताओं ने जन-जन के प्रिय एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। कांग्रेस पार्टी गंगापार के जिलाध्यक्ष अशफाक अहमद के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में केक काटा गया तथा गरीबों, मजलूमों, वंचितों, महिलाओं और बच्चों के बीच फल एवं मिष्ठान वितरित किए गए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अशफाक अहमद ने राहुल गांधी को देश के गरीबों, मजदूरों, किसानों और छात्रों की समस्याओं को मजबूती से उठाने वाली सशक्त आवाज बताया। उन्होंने कहा कि जब देश में जाति और धर्म की राजनीति को बढ़ावा दिया जा रहा है, तब राहुल गांधी जनता के मुद्दों, सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा की बात कर रहे




हैं। उन्होंने कार्यकताओं से राहुल गांधी के विचारों और न्याय की लड़ाई से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

विधानसभा प्रभारी देवराज उपाध्याय ने राहुल गांधी को न्याय योद्धा बताते हुए कहा कि वे शोषित, पीड़ित और वंचित वर्ग की आवाज बनकर देशभर में संघर्ष कर रहे हैं। वहीं जिला उपाध्यक्ष निशा ने कहा कि राहुल गांधी ने नेता प्रतिपक्ष के रूप में संसद में जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया है और जनता की आवाज को मजबूती प्रदान की है। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव सुनील पांडेय ने किया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. अमर सिंह पटेल, सत्यनारायण पांडेय ह्यमुन्नाह्न, अनुपम द्विवेदी, सुफिया बानो, मोहम्मद यूसुफ, रितेश पासी, प्रदीप पांडेय, आनंद प्रताप सिंह, श्याम धुरिया, वीरेंद्र प्रताप सिंह, गुलाब चंद पटेल, सुनीता देवी, सितारा देवी, संगीता पटेल, ऊषा देवी, इंद्रा देवी, रुक्मणी देवी, शकुंतला देवी, रीता देवी, अनीता देवी, सुमन, मीनाक्षी, सुशीला, राधिका देवी, अनारा देवी, मनोरमा देवी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## रेलवे पटरी के बाहर झाड़ियों में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका, पुलिस जांच में जुटी



**करछना।** करछना थाना अंतर्गत भीरपुर पुलिस रिपोर्टिंग चौकी अंतर्गत एक युवक का शव बरामद हुआ है पुलिस ने पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन पहचान नहीं हो सकी। घटना स्थल मिजार्पुर प्रयागराज हाइवे भीरपुर पेट्रोल पंप के सामने रेलवे पटरी के नीयर की है, स्थानीय लोगों के अनुसार बताया गया कि शुक्रवार को लगभग चार बजे की आसपास की है, मृतक के शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं है मृतक के गुप्तांग में चोट का निशान बताया गया प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि युवक को सूनसान जगह पाकर हत्या कर शव झाड़ियों में डालकर चलें गये रेलवे कर्मचारियों द्वारा सूचना पुलिस को दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को हिरासत में ले कर पहचान कराने की कोशिश की गई देर शाम तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। मामले में पुलिस गंभीरता से लेते हुए हत्या की वजह और युवक का पहचान कराने में जुटी है।

## सहसों में जन कल्याण मेला का समापन, योजनाओं की जानकारी देकर लाभार्थियों को जोड़ा गया




**सहसों।** विकासखंड सहसों परिसर में आयोजित तीन दिवसीय जन कल्याण मेला एवं विकास गोष्ठी का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। समापन समारोह की मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से ग्रामीणों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र लोगों को लाभान्वित करने का प्रयास किया गया। स्वास्थ्य विभाग के शिविर में लोगों की स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक परामर्श एवं दवाओं का वितरण भी किया गया। भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह, मंडल अध्यक्ष पुष्कर पटेल एवं मंडल महामंत्री पवन कुमार शुक्ला ने कहा कि गांवों में सड़क, आवास, शौचालय, पेयजल और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं का व्यापक विस्तार हुआ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राकेश बहादुर सिंह तथा संचालन पवन कुमार शुक्ला ने किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। अंत में पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने और जनजागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

## तीन माह के मासूम को छोड़ विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के बसमहुआ गांव में शुक्रवार दोपहर एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां 26 वर्षीय विवाहिता ने कमरे के भीतर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार बसमहुआ गांव निवासी पुष्पा भारतीया (26) पत्नी बृजेश भारतीया ने घर के कमरे में छत में लगे चूल्ले से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कमरे की खिड़की खुली होने के कारण परिजनों की नजर अंदर पड़ी तो घटना की जानकारी हुई। आनन-फानन में परिवार के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के समय उसका तीन माह का मासूम बेटा भी उसी कमरे में मौजूद था। सूचना मिलते ही थरवई पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मृतका का मायका सीतामढ़ी के पास पकलोरा गांव में है। घटना की सूचना मिलने पर उसके पिता भारत लाल सहित मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। जवान बेटी की मौत से पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के अनुसार पुष्पा का विवाह लगभग दो वर्ष पूर्व बृजेश भारतीया के साथ हुआ था। तीन माह पूर्व उसने एक पुत्र को जन्म दिया था। ससुराल पक्ष का कहना है कि बच्चे के जन्म के बाद से उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं चल रही थी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

## प्रसिद्ध साहित्यकार रविनंदन सिंह को मिलेगा इस माह का साहित्य रत्न सम्मान

**साहित्यकार सत्कारः आपके द्वार योजना में भारद्वाज पुरम में होगा अभिनंदन**

**प्रयागराज।** मौलिक विचार एवं साहित्यिक सर्जना की प्रतिनिधि पत्रिका साहित्यांजलि प्रभा द्वारा प्रवर्तित लोकप्रिय प्रकाशन संस्थान साहित्यांजलि प्रकाशन की ओर से प्रत्येक माह में दिया जाने वाला साहित्य रत्न सम्मान इस माह में 24 जून 2026 को प्रसिद्ध साहित्यकार रविनंदन सिंह को प्रदान किया जाएगा । साहित्यांजलि प्रकाशन प्रयागराज के व्यवस्थापक डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय ने बताया कि दिनांक 24 जून 2026 दिन बुधवार को सायं काल 5:00 बजे से भारद्वाज पुरम स्थित सुप्रसिद्ध साहित्यकार रविनंदन सिंह के आवास पर एक समारोह में दिया जाएगा । डॉ उपाध्याय ने



बताया कि रविनंदन सिंह को साहित्यांजलि प्रकाशन प्रयागराज द्वारा साहित्य रत्न सम्मान पत्र , प्रतीक चिन्ह , अंगवस्त्र , मोतीमाल व साहित्य प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह सम्मान विगत दो वर्षों से निरंतर वरिष्ठ साहित्यकारों को उनके घर पर जाकर समारोह पूर्वक दिया जाता है । अब तक बाइस से अधिक साहित्यकार सम्मानित हो चुके हैं।

## देश की सेवा के लिए राहुल गाँधी का नेतृत्व जरुरी : डॉ दिनेश सोनी



**करछना।** अन्याय अत्याचार के खिलाफ देश की जनता की आवाज बनकर उभरे अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गाँधी का जन्म दिन श्री मती इंदिरा गाँधी विद्यालय जगौती में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य पी सी सी डां दिनेश कुमार सोनी की अध्यक्षता में में मनाया गया इस अवसर पर लोगों में काफी उत्साह दिखा नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी को देश का महान निर्भीक निडर देश भक्त बताते हुआ डॉ दिनेश सोनी पी सी सी सदस्य ने कहा कि राहुल गाँधी के पूर्वजों जवाहर लाल नेहरू इंदिरा गाँधी देश की धड़कन राजीव गाँधी ने अपना सब कुछ देश को दान कर दिया इस का सटीक उदाहरण आजादी की लड़ाई का केंद्र बिंदु रहा आनन्द भवन स्वराज भवन सामने है राहुल गाँधी के जन्म दिन पर अपना वक्तव्य देने वालों में सर्व नागेश पाण्डेय आशीष कुमार मिश्र अरूण कुमार मिश्र राम मणि द्विवेदी पवनेश कुमार सोनी आस्था मिश्र इंद्रजीत शर्मा आनन्द पटवा दिब्याश पाण्डेय चांदनी आदि उपस्थित रहे।

## नियमों की अनदेखी पर प्रयागराज के कई कॉलेजों की मान्यता रद्द, बारा क्षेत्र के संस्थान भी शामिल

**प्रयागराज/लालापुर।** प्रयागराज उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा नियमों और मानकों की अनदेखी करने वाले कॉलेजों के खिलाफ एक बड़ा और सख्त कदम उठाया गया है। विभाग द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, प्रयागराज जिले के कई प्रमुख कॉलेजों की मान्यता तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी गई है। जारी की गई इस सूची में बारा क्षेत्र के संस्थान भी शामिल हैं, जिससे क्षेत्र के छात्रों और अभिभावकों में हड़कंप मच गया है।

बारा क्षेत्र के इन कॉलेजों पर गिरी गाज सरदार पटेल इंटर कॉलेज, बारा आरकेबीवाई एचएसएस जगदीशपुर विभाग ने जारी की चेतावनी प्रवेश लेने से पहले जांचें उच्च शिक्षा विभाग ने सूची जारी करने के साथ-साथ एक विशेष चेतावनी और सावधानी संदेश भी जारी किया है। विभाग ने स्पष्ट रूप से कहा है कि छात्र-छात्राएं और अभिभावक किसी भी कॉलेज में नया दाखिला लेने से पहले उसकी मान्यता की अच्छी तरह जांच कर लें। बिना मान्यता वाले संस्थानों में प्रवेश लेने पर छात्रों के भविष्य और डिग्री की जिम्मेदारी विभाग की नहीं होगी। कॉलेज जो जिले के अन्य क्षेत्रों से बारा तहसील के दो कॉलेजों पर यह कार्रवाई हुई है।

# प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत ईपीएफओ प्रयागराज द्वारा इफको फूलपुर में आयोजित हुआ समानांतर कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयगराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (PM-VBRY) के अंतर्गत देशभर के लाभार्थियों, उद्योग प्रतिनिधियों एवं हितधारकों को संबोधित करते हुए लगभग 2,400 करोड़ की प्रोत्साहन राशि वितरित किए जाने के अवसर पर इसके समानांतर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन ईफको फूलपुर इकाई में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद प्रवीण पटेल थे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सुमित कुमार, डीएलसी प्रयागराज, पी.के. सिंह, वरिष्ठ महाप्रबंधक, ईफको फूलपुर, श्रीमती विनिता सिंह, एडीएम (फाइनेंस), तथा राहुल वर्मा, कमिश्नर, ईपीएफओ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।










कार्यक्रम में लगभग 250 लाभार्थियों, नियोक्ताओं तथा विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। सभी प्रतिभागी प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम से लाइव जुड़े और योजना के उद्देश्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद प्रवीण पटेल तथा विभिन्न नियोक्ताओं द्वारा नव नियुक्त 32 कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवा कर्मियों ने अपने रोजगार अवसरों के लिए प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संगठन एवं सरकार के प्रति आभार प्रकट किया।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में बताया कि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के माध्यम से देश में अब तक लगभग 70 लाख नए रोजगार सृजित किए जा चुके हैं तथा लाखों युवाओं को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाया गया है। उन्होंने युवाओं की प्रतिभा, कौशल और क्षमता को विकसित भारत के निर्माण का आधार बताते हुए सरकार की रोजगार सृजन एवं कौशल विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया।

कार्यक्रम का समापन राहुल वर्मा (क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

## कुकुरकटवा ट्रिपलमर्डर कांड जांच में नया मोड़

## मुख्य आरोपी हिमांशु यादव की सीडीआर खंगाल रही जांच टीम कई नंबर मिले संदिग्ध

**मेजा।** मेजा थाना क्षेत्र के कुकुरकटवा गांव में हुए बहुचर्चित ट्रिपल मर्डरकांड की जांच काल डिटेल रिकार्ड के आधार पर जैसे जैसे आगे बढ़ रही है अहम मोड़ लेती जा रही है। पुलिस ने मुख्य आरोपी हिमांशु यादव के मोबाइल नंबरों की पिछले चार माह की सीडीआर जांच को जांच प्रकिया को और तेज कर दिया है।




**संदिग्ध नंबरों की निकली गई सीडीआर रिकॉर्ड**

तकरीबन 22 पन्नों की सीडीआर रिपोर्ट में कई संदिग्ध नंबर सामने आए हैं जिनकी जांच अधिकारियों द्वारा बारीकी से पड़ताल की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार शुरूआत से ही इस जघन्य वारदात की जांच प्रेम प्रसंग के विंदु पर केंद्रित रही है। पुलिस की जांच यह तथ्य प्रकाश में आया था कि आरोपी किसी किशोरी के संपर्क में था और दोनों के बीच बराबर बातचीत होती थी। इसी के आधार पर पुलिस विस्तृत काल डिटेल्स निकलवाया है जिसमें कई बड़े और अहम सुराग मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

**प्रेम प्रसंग के पहलू पर पुलिस कर रही है जांच**

पुलिस द्वारा निकली गई सीडीआर में कई मोबाइल नंबर ऐसे हैं जिन पर घटना से पहले और बाद में बराबर बातचीत हुई है। ऐसे में पुलिस इन नंबरों के धारकों की पहचान कर रही है और उनकी गतिविधियों की गहन पड़ताल में जुटी है। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लोकेशन और काल पैटर्न का भी विश्लेषण किया जा रहा है जिससे साजिश की कड़ियां जोड़ी जा सके। पुलिस के अनुसार सीडीआर से मिले तथ्यों के आधार पर किशोरी की भूमिका की भी जांच की जा रही है। टीम यह जानने का प्रयास कर रही है कि उसे वारदात की जानकारी थी या नहीं। हालांकि जांच अधिकारियों ने अभी किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से इंकार किया है।

**आरोपियों की तलाश में जुटी जांच टीम**

उल्लेखनीय है कि कुकुरकटवा ट्रिपल मर्डर मामले में जांच आगे बढ़ने पर कुछ और लोगों की संलिप्तता सामने आ सकती है जिससे आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां होने की प्रबल संभावना जताई जा रही है। उधर पूंछताँछ के दौरान आरोपी हिमांशु यादव किशोरी पर हत्या के लिए उकसाने का आरोप लगा चुका है। फिलहाल किशोरी ने इस आरोप से इनकार करते हुए कहा है कि दोनों के मध्य केवल शादी को लेकर बातचीत हुई थी और उसे वारदात के बाबत कोई जानकारी नहीं है जबकि पुलिस के अनुसार सभी पहलुओं पर जांच जारी है जांच के बाद ही कोई निष्कर्ष सामने आएगा।

## पूर्व विधायक उदयभान करवरिया और महापौर गणेश केशरवानी पहुंचे कुकुरकटवा गांव

दिल दहलने वाली घटना में मारे गए मृतकों के परिवार से की मुलाकात व्यक्त की संवेदना, मदद का दिया भरोसा



**मेजा।** मेजा के नीबी कुकुर कटवा में हुए ट्रिपल मर्डर कांड से बेहद आहत पूर्व विधायक उदयभान करवरिया ने पीड़ित परिजनों के घर कुकुर कटवा पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर दिल को झकझोर देने वाली हृदय विदारक घटना पर गहरा दुख प्रकट करते हुए मृतकों के प्रति सच्ची संवेदना व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिजनों को जहां हर संभव मदद देने एवं न्याय दिलाने का भरोसा दिया वहीं घटना स्थल पर मौजूद पुलिस प्रशासन से भी उन्होंने उचित कानूनी कार्यवाही के लिए विशेष वातालाॅप किया। इस मौके उनके साथ कई अन्य भाजपा



कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इसी प्रकार महापौर गणेश केशरवानी भी शुक्रवार को पीड़ित परिवार से मुलाकात की और घटना पर दुख जताते हुए संवेदना व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने घटना को लेकर सरकार से न्याय और हर संभव मदद दिलाने का आश्वाशन दिया।

## मेजारोड उपकेंद्र में पुराना पैनल बदलने के नाम पर शुक्रवार को देर रात तक बाधित रही बिजली आपूर्ति

**मेजा।** मेजारोड स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र से संबंधित क्षेत्रों में होने वाली विद्युत आपूर्ति 11 केवी के पुराने पैनल को बदल कर नया पैनल लगाए जाने के दौरान शुक्रवार को दिन में सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। उपकेंद्र के अवर अभियंता प्रमोद कुमार यादव के अनुसार विद्युत वितरण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुराने पैनल परिवर्तन का कार्य कराया जा रहा था। इस दौरान संबंधित सभी फीडरों की बिजली आपूर्ति बंद रखी गई थी जिसको लेकर क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को विभाग ने एक दिन पूर्व ही सूचना जारी कर सहयोग की अपील किया था साथ ही साथ निर्धारित अवधि के दौरान आवश्यक कार्यों के पूर्व ही व्यवस्था करने की भी अपील किया था। उन्होंने आगे कहा था कि अनुरक्षण कार्य पूरा होते ही विद्युत आपूर्ति सामान्य रूप से बहाल कर दी जाएगी। किंतु निर्धारित अवधि समाप्त होने के लगभग 7 घंटे बाद भी विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं की गई जिससे व्यापार से जुड़े कारोबारियों के साथ साथ क्षेत्र के उपभोक्ताओं को देर शाम तक इस भीषण उमस भरी गर्मी में काफी परेशानियों का दंश झेलना पड़ा।

## हर पौधा केवल एक वृक्ष नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के उज्जवल भविष्य का है संकल्प : राजू भईया

गत वर्षों की भांति जनसेवक एवं भाजपा नेता इंद्रदेव शुक्ला ने हरे भरे मेजा के सपनों को साकार के लिए 51 हजार वृक्षारोपण के संकल्प के साथ गांव-गांव शुरू की वृक्षारोपण संकल्प यात्रा



**मेजा।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षेत्र के लोकप्रिय एवं चर्चित जनसेवक इंद्रदेव शुक्ला (राजू भैया) के नेतृत्व में 51 हजार वृक्षारोपण संकल्प यात्रा का आगाज हो चुका है। हरे भरे मेजा के सपने को साकार करने हेतु जनसेवक गाँव-गाँव घर-घर जनजागरण का संदेश लेकर पहुँचने की कवायद शुरू कर दी है। इस दौरान उन्होंने कहा कि गाँव, खलिहान, तालाब,नदी किनारे और मंदिर परिसर सहित प्रत्येक स्थानों को हरा भरा करने के लिए वृहद वृक्षारोपण का भव्य आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि हर पौधा केवल एक वृक्ष नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य और स्वच्छ पर्यावरण का संकल्प है। गौरतलब है कि मेजा की पावन धरा पर हरियाली लाने के लिए दृढ़ संकल्पित राजू भईया क्षेत्र के लोगों का आह्वान करते हुए कहते हैं आइए, हम सभी मिलकर धरती माँ का श्रृंगार करें और मेजा को हरियाली की नई दिशा देते हुए नई पहचान दें। उन्होंने कहा कि एक पौधा जीवन का आधार बने, यही संकल्प मेजा के उज्ज्वल भविष्य का आकार बने।

## यूपी पुलिस वार्षिक कबड्डी क्लस्टर प्रतियोगिता का समापन, मेरठ जोन का दबदबा, कई वर्गों में जीते खिताब

**प्रयागराज।** रिजर्व पुलिस लाइंस, कमिश्नरेट प्रयागराज में आयोजित तृतीय उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक कबड्डी क्लस्टर प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए खेल भावना और अनुशासन के साथ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए उनकी सराहना की। कबड्डी क्लस्टर के अंतर्गत कबड्डी, जिम्नास्टिक, फेंसिंग और खो-खो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जोन और पीएसी इकाइयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। व्यक्तिगत उपलब्धियों की बात करें तो कबड्डी पुरुष वर्ग में मेरठ जोन के ललित कुमार, कबड्डी महिला वर्ग में मेरठ जोन की मन्नू तथा खो-खो पुरुष वर्ग में पीएसी पूर्वी जोन के रामसरन को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। कबड्डी पुरुष वर्ग में मेरठ जोन ने 46 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल कर चल वैजयंती ट्रॉफी अपने नाम की। पीएसी पश्चिमी जोन 33 अंकों के साथ उपविजेता रहा। महिला कबड्डी प्रतियोगिता में भी मेरठ जोन का दबदबा कायम रहा। टीम ने 41 अंक अर्जित कर खिताब जीता, जबकि प्रयागराज जोन 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। फेंसिंग पुरुष वर्ग में पीएसी पूर्वी जोन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 80 अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। पीएसी मध्य जोन 15 अंकों के साथ उपविजेता रहा। महिला वर्ग में कानपुर जोन ने 90 अंकों के साथ एकतरफा बढ़त बनाते हुए खिताब अपने नाम किया, जबकि गोरखपुर जोन 10 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। खो-खो पुरुष वर्ग में पीएसी पूर्वी जोन ने 38 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पीएसी मध्य जोन 35 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। महिला वर्ग में लखनऊ जोन ने 26 अंकों के साथ खिताब जीता, जबकि वाराणसी जोन दो अंकों के साथ उपविजेता बना। जिम्नास्टिक में वाराणसी जोन का शानदार प्रदर्शन जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में वाराणसी जोन ने 206.70 अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और चल वैजयंती ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

## कुकुरकटवा ट्रिपल मर्डर कांड पर गरजे मंत्री नंदी बोले दोषियों की सात पीढ़ियां याद रखेंगी कार्यवाही

पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना पर व्यक्त की संवेदना न्याय और सीएम योगी से मिलवाने का दिया भरोसा कहा सरकार की सहानुभूति है पीड़ित परिवार के साथ,वारदात में शामिल लोगों को बक्शा नहीं जाएगा मिलेगी कठोर सजा

**मेजा।** क्षेत्र के कुकुर कटवा गांव में हुए चर्चित ट्रिपल हत्याकांड के बाद शुक्रवार दोपहर प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी पीड़ित परिजनों से मिलने पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते उन्हें सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलवाने का भरोसा दिलाया, ताकि वे अपनी बात सीधे उनके सामने रख सकें। मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने घटना को लेकर गहरा दुख प्रकट किया और तीखी प्रतिक्रिया देते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा ह्लजिस गाड़ी में सपा का झंडा, समझो उसमें बैठा गुंडा।ह्व उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपियों ने सोशल मीडिया पर ह्नसमाजवादी टाइगरह्ल के नाम से



पीड़ित परिवार की मांग पर एसडीएम मेजा की निगरानी सड़क निर्माण का कार्य शुरू

खुलेआम चुनौती दी थी और चौथे दिन वारदात को अंजाम दिया। मंत्री नंदी ने आगे कहा, ह्लजो पाप कुकुरकटवा में इन्होंने किया है, उसका फल इन्हें इसी जन्म में भुगतना पड़ेगा। इस दौरान एडीएम प्रशासन अनुपमा पांडेय भी मौके पर मौजूद रहीं। पीड़ित परिवार की मांग पर एसडीएम मेजा नीलम उपाध्याय की निगरानी में सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। मौके पर बुलडोजर चलाकर सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया गया, जिससे ग्रामीणों में संतोष देखा गया।



पीड़ित परिवार से वार्ता कर घटना पर दुख जताते मंत्री नंदी

मंत्री ने कहा कि पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है और अब उनके खिलाफ ऐसी कड़ी कार्रवाई होगी कि उनकी सात पीढ़ियां याद रखेंगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुकदमे की प्रभावी पैरवी कराकर दोषियों को कठोरतम सजा दिलाई जाए। मंत्री नंदी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, स्थानीय सांसद और विधायक पर भी सवाल उठाए और जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि इस जघन्य कांड पर अब तक उनकी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई और न ही वे पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि यह लोग गुंडों को संरक्षण देने वाले हैं। इस दौरान गांव में सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। मंत्री ने भरोसा दिलाया कि सरकार पीड़ित परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और हर हाल में न्याय दिलाया जाएगा।

इस मौके पर भारतीय राष्ट्रीय वैश्य महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्ता, राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सुखलाल साहू, मीडिया प्रभारी सतीश गुप्ता तथा अंजनी गुप्ता आदि के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण और कई संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

## शिवसेना का 60वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

प्रदेश सचिव रुचि अभिषेक तिवारी ने कहा– बालासाहेब ठाकरे के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा, प्रयागराज।** शिवसेना के 60वें स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार को मेजा के बंधवा मार्केट में जिलाप्रमुख यमुनापार शिवप्रकाश उपाध्याय के नेतृत्व में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिवसैनिकों, मातृशक्ति तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शिवसेना की प्रदेश सचिव रुचि अभिषेक तिवारी रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे एवं छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप




प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने दोनों महान विभूतियों के जीवन, उनके आदर्शों तथा राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्य अतिथि रुचि अभिषेक तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि शिवसेना का 60 वर्षों का गौरवशाली सफर राष्ट्रहित, हिंदुत्व और जनसेवा के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बालासाहेब ठाकरे के विचार आज भी युवाओं के लिए



प्रेरणास्त्रोत हैं तथा संगठन ने सदैव समाज के वंचित, पीड़ित और जरूरतमंद वर्गों की आवाज बुलंद करने का कार्य किया है।

उन्होंने कार्यकताओं का आह्वान करते हुए कहा कि सभी शिवसैनिक बालासाहेब के बताए मार्ग पर चलकर समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय योगदान दें। उन्होंने कहा कि शिवसेना केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्रवादी विचारधारा और सामाजिक सरोकारों से जुड़ा एक सशक्त जनआंदोलन है, जो भविष्य में भी जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाता रहेगा। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में उपस्थित शिवसैनिकों एवं नागरिकों के बीच मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम का वातावरण उत्साह, भाईचारे और संगठनात्मक एकता से ओत-प्रोत रहा।

इस अवसर पर शिक्षक संघ अध्यक्ष मनीष तिवारी, संदीप तिवारी, विकास तिवारी, राकेश पटेल, मुखिया पटेल, शिवाकांत दुबे, रोहन तिवारी, आशीष कुमार, रोहित पांडेय, राहुल तथा सबल तिवारी सहित बड़ी संख्या में शिवसैनिक एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## नीट यूजी पुनर्परीक्षा के लिए प्रशासन अलर्ट, निष्पक्ष और नकलविहीन परीक्षा कराने के निर्देश

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 की पुनर्परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। 21 जून को आयोजित होने वाली परीक्षा के मद्देनजर शुक्रवार को कैंट क्षेत्र स्थित कोबरा ऑडिटोरियम में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेंटर सुपरवाइजर, ऑब्जर्वर और अन्य संबंधित अधिकारियों की ब्रीफिंग एवं प्रशिक्षण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की पारदर्शिता और शुचिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करते हुए परीक्षा को पूरी तरह नकलविहीन और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। डीएम ने गोपनीय परीक्षा सामग्री के सुरक्षित रखरखाव और वितरण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि प्रश्नपत्र एवं अन्य गोपनीय सामग्री की प्राप्ति और हस्तांतरण की प्रक्रिया स्टैटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापक की उपस्थिति में सीसीटीवी निगरानी के बीच ही पूरी की जाए। उन्होंने सभी स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। परीक्षा केंद्रों पर फ्रिस्किंग, बायोमैट्रिक सत्यापन, ड्रेस कोड की जांच और अभ्यर्थियों द्वारा साथ लाई जाने वाली अनुमन्य एवं प्रतिबंधित सामग्री की जांच निर्धारित मानकों के अनुरूप कराने को कहा गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि परीक्षा केंद्रों पर केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही प्रवेश दिया जाए। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

# रात्रि चौपाल के माध्यम से अधिकारियों ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं



**प्रतापगढ़।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद की 04 ग्राम पंचायतों में बृहस्पतिवार को आयोजित रात्रि चौपालों में प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। चैपालों के माध्यम से ग्रामीणों को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। रात्रि चौपालों का आयोजन विकास खंड शिवगढ़ की ग्राम पंचायत सरायशेर खाँ, बिहार की देवरपट्टी, पट्टी की सैफाबाद व विकास खण्ड गौरा की दसियाभानपुर ग्राम पंचायत में किया गया। चैपालों में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। ग्राम पंचायतों में आयोजित चैपालों में नामित नोडल अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने आवास, वृद्धावस्था एवं निराश्रित पेंशन, राशन कार्ड, पेयजल, स्वच्छता, भूमि विवाद तथा अन्य विकास संबंधी समस्याएं उठाईं। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा। चैपालों के दौरान अधिकारियों ने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए पात्र लाभार्थियों से उनका लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं और कल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ पहुंचाना है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, आवश्यक दवाओं का वितरण किया तथा स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान सुनिश्चित करने के साथ-साथ शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

## राहुल के नेतृत्व मे कांग्रेसियों ने राष्ट्रीय एकता की मजबूती का लिया संकल्प

**प्रतापगढ़।** नगर स्थित क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक हुई। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता एलओपी राहुल गांधी के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के नेतृत्व में सेवा संकल्प लिया। कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के वैचारिक मूल्यों की मजबूती के साथ देश की एकता एवं अखण्डता की मजबूती के साथ साम्प्रदायिकता से संघर्ष को भी तेज किए जाने के प्रति संकल्प ग्रहण किया। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष केडी मिश्र व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा संयोजन प्रतिनिधि आशीष उपाध्याय ने किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, छोटे लाल सरोज, अभिनव शुक्ल, अतुल शुक्ल, बेलाल रहमानी, दारा सिंह, आशीष कौशल, शेरू खां, अवनीश शुक्ल, सोनू मिश्र, सिंटू मिश्र, महन्त द्विवेदी, रामू मिश्र, धीरेन्द्र पाण्डेय, राजू पाण्डेय, हृदय नारायण मिश्र आदि रहे।

## उड़ैयाडीह में लगा विद्युत समाधान कैंप, निपटाई गई उपभोक्ताओं की समस्याएं



**बेलखरनाथ धाम।** विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए शुक्रवार को उड़ैयाडीह बाजार में सीएससी पर विद्युत समाधान कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें उपखंड अधिकारी व अवर अभियंता मौजूद रहे।

कैंप में उपभोक्ताओं के बिल करेक्शन, नाम संशोधन, विद्युत बिल जमा और मीटर संबंधी अन्य समस्याओं के समाधान की सुविधा दी गई। बिजली बिल में त्रुटि, यूनिट की गड़बड़ी और बकाया जमा करने वाले उपभोक्ताओं की भीड़ सुबह से ही देखी गई। कैंप में बड़ी संख्या में विद्युत उपभोक्ता पहुंचे और अपनी समस्याओं का मौके पर समाधान कराया। विभागीय अधिकारियों ने एक-एक कर शिकायतें सुनकर निपटारा किया। कैंप में विद्युत विभाग की तरफ से अरुण कुमार यादव, उपखंड अधिकारी विद्युत पट्टी ध्उडैयाडीह जयराज राजपूत, अवर अभियंता विद्युत पट्टी,राम अभिलाष मौर्य, प्रदीप कुमार, शम्भू प्रजापति, शैलेश सिंह,लाइनमैन राजकेश्वर सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे। इस दौरान एसडीओ व जेई ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि जिनका बिल बकाया है या मीटर में कोई दिक्कत है, वे ऐसे कैंप में आकर समाधान करा लें ताकि विद्युत कटौती व जुर्माने से बचा जा सके।

## न्यूज झरोखा

### चोरी की बाइक व मोबाइल के साथ युवक गिरफ्तार




**पट्टी।** पुलिस ने गुरुवार रात एक युवक को चोरी की बाइक और मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी की पहचान अर्श तिवारी पुत्र राकेश तिवारी, निवासी अकारीपुर तिवरान, थाना आसपुर देवसरा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, ढेकवा तिराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान अर्श तिवारी संदिग्ध अवस्था में बाइक लेकर भागने का प्रयास कर रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से एक एंड्रॉयड मोबाइल, 400 रुपये नकद और एक स्प्लेंडर प्लस बाइक बरामद हुई। जांच में बाइक पर लगी नंबर प्लेट संदिग्ध पाई गई। चेसिस नंबर के सत्यापन से पता चला कि बरामद बाइक सुलतानपुर निवासी विजय कुमार मिश्रा की है। यह बाइक मार्च 2025 में चोरी हुई थी और इस संबंध में कोतवाली नगर सुलतानपुर में मुकदमा दर्ज है। मामले में खाने के उप निरीक्षक प्रशांत कटियार की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पूछताछ में आरोपी अर्थ तिवारी ने स्वीकार किया कि उसने अपने साथी अतुल त्रिपाठी के साथ मिलकर सुलतानपुर से बाइक चोरी की थी और नंबर प्लेट बदलकर उसका उपयोग कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएसएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मामले की आगे की जांच उपनिरीक्षक शुभम सिंह को सौंपी गई है।

### विधायक सदर ने इन्टीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी लैब का किया उद्घाटन

**प्रतापगढ़।** राजा प्रताप बहादुर चिकित्सालय सम्बद्ध डा० सोनेलाल पटेल स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय प्रतापगढ़ में इन्टीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी (आईपीएचएल) लैब का उद्घाटन विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव द्वारा फीता काटकर किया गया जिसमें मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डा० सोमनाथ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० ए०एन० प्रसाद, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा० शैलेन्द्र कुशवाहा, पुरूष चिकित्सालय, डा० रमेश पाण्डेय सी०एम०एस० महिला चिकित्सालय, डा० मनोज खत्री वरिष्ठ फिजीशियन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक आर.बी. यादव, इपीडिमियोनलॉजिस्ट चन्दचूर्ण, विधायक प्रतिनिधि अरूण कुमार मौर्य, जनरल मैनेजर उपेंद्र सिंह, रीजनल मैनेजर अब्दुल्ला, धीरज सिंह-पी.ओ.सी.टी. मैनेजर, हास्पिटल मैनेजर डॉ. अवंतिका पांडेय, डॉ. विजय चैहान, वी.के. श्रीवास्तव, विजय यादव, विनीत सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




### दो बाइकों की भिड़ंत में युवक गंभीर रूप से घायल

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के बरहूपुर गांव निवासी आदर्श सिंह पुत्र हरकेश सिंह बाइक से नारंगपुर बाजार की ओर जा रहे थे। रास्ते में जैसे ही वह कलहूगंज बाजार के समीप पहुंचे, सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन अनियंत्रित हो गए और आदर्श सिंह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों की मौके पर भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी पहुंचाया। हादसे में आदर्श सिंह के बाएं पैर में गंभीर चोट आई है। वहीं दुर्घटना के बाद दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया, जिससे उसकी पहचान नहीं हो सकी। अस्पताल में घायल का उपचार जारी है। इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक डॉ. नीरज सिंह ने बताया कि युवक के बाएं पैर में फ्रैक्चर हुआ है। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और आवश्यक चिकित्सीय उपचार दिया जा रहा है। हादसे की सूचना मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोग दुर्घटना के लिए तेज रफ्तार और लापरवाही को जिम्मेदार बता रहे हैं। फिलहाल घायल युवक का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी में उपचार चल रहा है।

### सीएम के विरूद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोपी धराया, गया जेल

**लालगंज।** सीएम के विरूद्ध अभद्र भाषा के प्रयोग को लेकर उदयपुर पुलिस ने आरोपी को हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया। बीती सत्रह जून को आरोपी द्वारा मुख्यमंत्री को लेकर सोशल मीडिया पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया था। पुलिस ने जांच कर थाना क्षेत्र के पूरे विजयी मजरे राजापुर निवासी अशोक मिश्र उर्फ पुत्तन मिश्र पुत्र देव नारायण मिश्र के विरूद्ध गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया। उदयपुर पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी को हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया।

### निर्माण कार्य में बाधा डालने को लेकर आधा दर्जन से अधिक पर केस

**प्रतापगढ़।** निर्माण कार्य में बाधा डालने के आरोप को लेकर पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के कहारन का पुरवा शीतलमऊ गांव निवासिनी सुमित्रा देवी पत्नी रवीन्द्र कुमार ने एसपी को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि पीएम आवास योजना के तहत उसे आवास मिला हुआ है। लेकिन पूरे टीकाराम गांव निवासी हीरा लाल व उसके पुत्रगण रामू, अशोक कुमार, श्यामू व रामू की पत्नी बेबी तथा अशोक की पत्नी रेखा व कुछ अज्ञात सरहंगई से निर्माण कार्य नही करने दे रहे हैं। आरोपीगण जानलेवा धमकी भी दे रहे हैं। एसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### डीएम की अध्यक्षता में समाधान दिवस आज

**प्रतापगढ़।** स्थानीय तहसील में आज शनिवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिलास्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन प्रातः दस बजे से किया गया है। जिसमे जिलास्तरीय समस्त अधिकारी मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी तहसीलदार गरिमा वर्मा ने दी है।

## वित्तीय साक्षरता एवं स्वरोजगार जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रतापगढ़।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद के तुलसी सदन (हादी हाल) में वित्तीय साक्षरता एवं स्वरोजगार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वित्तीय साक्षरता एवं स्वरोजगार जागरूकता कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, डिजिटल बैंकिंग, साइबर सुरक्षा, बचत एवं निवेश, वित्तीय प्रबंधन तथा एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, उपायुक्त उद्योग साहब सरन रावत, अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) नीरज सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी, बैंकों के वित्तीय सलाहकार शिशिर खरे, आरसेटी से रविरंजन, एसबीआई के रीजनल मैनेजर रंजीत कुमार, उद्यमी मोहम्मद अनाम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, आमजनमानस, प्रबुद्धजन, छात्र-छात्राये आदि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले 12 वर्षों में गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं संचालित की हैं। इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं ने लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार और कौशल विकास की योजनाएं युवाओं को नई दिशा प्रदान कर रही हैं तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उपायुक्त उद्योग साहब सरन रावत ने सीएम युवा योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना तथा एक जनपद एक व्यंजन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही अग्रणी जिला प्रबन्धक नीरज सिंह ने बैंको से संचालित विभिन्न योजनाओ एवं वित्तीय साक्षरता के साथ साइबर सुरक्षा के बारे में भी जानकारी दी। साइबर क्राइम से सम्बन्धित मामलो के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से स्टेट बैंक अधिकारी एवं वित्तीय सलाहकार रंजीत कुमार द्वारा विभिन्न उदाहरणो से कार्यक्रम में आये हुये लोगो को सतर्क किया। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी द्वारा आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्ति प्राप्त करने हेतु सेवायोजन पोर्टल के बारे में जानकारी दी गयी। अंत में कार्यक्रम की समाप्ति की उद्घोषणा परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव द्वारा मुख्य अतिथि एवं सम्मानित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों, अधिकारियों, किसानों, युवाओं एवं प्रबुद्धजनों ने परिसर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया। कृषि विभाग, कृषि रक्षा विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सूचना विभाग, समाज कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी लोगों को उपलब्ध कराई गई। विभागीय अधिकारियों ने लाभार्थी योजनाओं, अनुदान, रोजगार एवं स्वरोजगार से संबंधित जानकारी देकर लोगों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।

## 28 जून से शुरू होगा पल्स पोलियो अभियान

### आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया गया प्रशिक्षण

अखंड भारत संदेश



**पट्टी।** आगामी 28 जून से शुरू होने वाले विशेष पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को नगर स्थित सेठ पन्नालाल खंडेलवाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकताओं का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में अभियान से जुड़े सभी पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी गई तथा प्रत्येक पात्र बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुंचाने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में सीएचसी अधीक्षक डॉ. राम प्रताप भारती, पर्यवेक्षक श्रीकांत, एआरओ राज बहादुर पाल, बीपीएम सरवर खान तथा बीसीपीएम वसीम सिद्दीकी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी के पूर्ण उन्मूलन के लिए प्रत्येक बच्चे को दवा पिलाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान शून्य से पांच वर्ष आयु वर्ग के किसी भी बच्चे को छूटने नहीं दिया जाएगा। प्रशिक्षण में कार्यकताओं को बूथ संचालन, घर-घर भ्रमण, छूटे हुए बच्चों की पहचान, माइक्रोप्लान के अनुसार कार्य करने तथा अभिभावकों को जागरूक करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही बताया गया कि अभियान के दौरान बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाने के बाद उनका सही तरीके से अंकन और रिकॉर्ड भी तैयार किया जाए। अधिकारियों ने आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकताओं से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को अभियान के प्रति जागरूक करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता और स्वास्थ्य कर्मियों की मेहनत से ही पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को और अधिक मजबूत बनाया जा सकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आशा बहुएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

## सीएचसी पट्टी में मरीज बेहाल, धूल फांक रहा जनरेटर

### डीजल के अभाव में ठप रही आपात व्यवस्था, उमस भरी गर्मी में तड़पते रहे सांस के रोगी

विजय पाठक






**पट्टी।** सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पट्टी में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की पोल शुक्रवार को उस समय खुल गई, जब सुबह से दोपहर 12 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रहने से भर्ती मरीज गर्मी में तड़पते रहे। बिजली गुल होने के बाद अस्पताल परिसर में अंधेरा छाया रहा और वार्डों में भर्ती मरीज व उनके तीमारदार पसीने से तर-बतर होकर परेशान नजर आए।

उमस भरी भीषण गर्मी के बीच बिजली कटने से अस्पताल की व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा गईं। रसुलाह निवासी सांस की बीमारी से पीड़ित माता शरण मिश्रा, पट्टी कस्बा निवासी विमला देवी, मजीठी गांव की रेखा देवी समेत अन्य मरीजों ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि सुबह से ही अस्पताल में बिजली गायब थी। गर्मी के कारण वार्डों में रुकना दूभर हो गया था। सबसे ज्यादा परेशानी सांस और दमा के मरीजों को उठानी पड़ी, जिनकी हालत हवा न मिलने के कारण और बिगड़ती चली गई।

इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डॉ. राम प्रताप भारती ने बताया कि बिजली में खराबी की सूचना विद्युत विभाग को दे दी गई है। अस्पताल में जनरेटर तो लगा हुआ है, लेकिन डीजल उपलब्ध न होने के कारण उसे चलाया नहीं जा सका। अधीक्षक के इस बयान के बाद अब बड़ा सवाल यह उठता है कि जिले के स्वास्थ्य महकमे द्वारा आकस्मिक फंड और डीजल के लिए आने वाला बजट आखिर कहां ठिकाने लगाया जा रहा है। आपातकालीन सेवाओं के नाम पर रखा यह जनरेटर कब तक सफेद हाथी बना रहेगा और गरीब मरीजों को मूलभूत सुविधाओं के लिए कब तक इस तरह तड़पना पड़ेगा।

### शोपीस बना लाखों का जनरेटर, बजट पर उठे सवाल

सबसे गंभीर और चैंकाने वाली बात यह रही कि बिजली संकट के दौरान मरीजों को राहत देने के लिए अस्पताल परिसर में लगाया गया लाखों रुपये की लागत का जनरेटर महज एक शोपीस बनकर रह गया। आपातकालीन आपात व्यवस्था के दावों को मुंह चिढ़ाता यह जनरेटर परिसर में खड़ा धूल फांकता नजर आया। तीमारदारों ने स्वास्थ्य प्रशासन पर तीखा प्रहार करते हुए पूछा कि अगर आपात स्थिति में भी वैकल्पिक इंतजाम काम नहीं आने हैं, तो इस सरकारी धन की बबार्दी का क्या फायदा। डीजल न होने का खामियाजा आखिर लाचार मरीज क्यों भुगतें।

### लाखों रुपए की लागत से लगा हेल्थ एटीएम लटक रहा ताला

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी में सरकार ने लाखों की लागत से एक हेल्थ एटीएम लगाया हुआ है जिसमें एक साथ 50 से अधिक जांच कुछ ही मिनट में हो जाती थी मशीन खराब होने व ऑपरेटर ना होने के चलते कुछ दिनों बाद से ही यह हेल्थ एटीएम बंद हो गया तब से हेल्थ एटीएम पर ताला लटक रहा है। अधीक्षक आरपी भारती ने कई बार इस विषय में बयान दिया है कि जल्द ही इसकी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर दी जाएगी, पर वह दिन कब आएगा इसका इंतजार अस्पताल में आने वाले मरीज कर रहे हैं।

## फर्जी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रमाणपत्र पर भर्ती हुए 8 सिपाहियों पर मुकदमा दर्ज

**बेलखरनाथ धाम/ प्रतापगढ़।** नागरिक पुलिस भर्ती 2023 में फर्जी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित प्रमाणपत्र के आधार पर नौकरी हासिल करने के मामले में कोतवाली सिटी थाने में 8 नव-नियुक्त सिपाहियों के खिलाफ एसआई राजेश कुमार यादव, पूर्व आरटीसी प्रभारी पुलिस लाइन्स प्रतापगढ़ की तहरीर पर मामला दर्ज हुआ। आरोप है कि जनपद प्रतापगढ़ में तैनात 8 सिपाहियों ने 2023 की सीधी भर्ती में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित कोटे का लाभ लेने के लिए कूटरचित प्रमाणपत्र लगाए थे।

शिकायतकर्ता अधिवक्ता अभयराज सिंह ने पहले बांदा में एक सिपाही के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया था। जांच में पता चला कि नियुक्ति प्रतापगढ़ में हुई है। इसके बाद क्षेत्राधिकारी लाइन्स प्रतापगढ़ द्वारा सभी 8 सिपाहियों के प्रमाणपत्रों की जांच संबंधित जनपदों से कराई गई। जांच में किसी भी जनपद से आश्रित प्रमाणपत्र जारी होना नहीं पाया गया। ऐसे में अभिषेक पाण्डेय, शुभम दुबे, रविशंकर, प्रदीप कुमार, अजय कुमार, खुशबू गुप्ता, आकाश मिश्रा, दिव्यांशु यादव - सभी मिजार्पुर जिले के निवासी हैं और वर्तमान में पुलिस लाइन प्रतापगढ़ में तैनात है के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। इनपर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 340(2), 336(3), 338, 319(2), 318(4) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। ये धाराएं कूटरचना, जालसाजी और धोखाधड़ी से जुड़ी हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की विवेचना जारी है। विवेचना और दस्तावेजी जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। आरोप सिद्ध होने पर दोषियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के साथ कानूनी कार्रवाई भी होगी।

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने हेतु योगाभ्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



**प्रतापगढ़।** आगामी अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के उद्देश्य से मां बेल्हा देवी मंदिर धाम परिसर में योगाभ्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का संयुक्त संयोजन लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष, गौरव, शक्ति एवं अवध द्वारा किया गया।कार्यक्रम में आयुष मंत्रालय के प्रशिक्षकों ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा नियमित योग के लाभों की जानकारी दी। आयोजन में तरुण चेतना संस्थान के अध्यक्ष मो. नसीम का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुमन कुशवाहा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि योग स्वस्थ जीवन का आधार है तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन में सामाजिक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने लायंस क्लब के पदाधिकारियों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए 21 जून को आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रम में भी सहयोग की अपेक्षा जताई।कार्यक्रम में लायंस क्लब गौरव के डॉ. पीयूष कांत शर्मा एवं शिशिर खरे तथा लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष के प्रशासक संतोष भगवन ने क्लब द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों पर प्रकाश डाला। योगाभ्यास कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. त्रिभुवन राम, डॉ. जय प्रकाश, डॉ. सिमी गुप्ता, डॉ. आकांक्षा पाण्डेय, डॉ. ब्रह्मानंद, अशोक पाण्डेय, राजेश मिश्रा, राकेश कुशवाहा, सचिन श्रीवास्तव, पंकज सिंह, देवाशीष, रमेश पटेल, पूनम तिवारी, वंदिता सिंह, सुनीता सिंह एवं चेतना मिश्रा सहित आयुष विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में आरबी सिंह, अशोक प्रताप सिंह, डॉ. श्याम शंकर शुक्ल, राजेश बहादुर पाल, दिनेश प्रताप सिंह, हरिशंकर सिंह ह्यहैप्पीह्ण, संतोष पाण्डेय, पिंकी दयाल, अनीता पाण्डेय, सोनी पाण्डेय, अंजू तिवारी, कृष्णानन्द त्रिपाठी, अजय पाण्डेय, रणविजय सिंह, राजेश पाण्डेय, राम लखन सिंह, सरिता पाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, बेल्हा देवी मंदिर के सहयोगी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## पुरानी रंजिश में घर में घुसकर मारपीट

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के रमईपुर नवादा गांव निवासी अकबर पुत्र दिलशाद ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश को लेकर उसके साथ घर में घुसकर मारपीट की गई।पीड़ित के अनुसार, शुक्रवार की शाम वह अपने दरवाजे पर मौजूद था। इसी दौरान गांव के चार लोग वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से उसकी पिटाई करने लगे। जान बचाने के लिए वह घर के अंदर भागा तो आरोपियों ने घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की और तोड़फोड़ भी की।पीड़ित का आरोप है कि बीच-बचाव करने पहुंचे उसके भाई जमीदार को भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। अकबर ने पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में कोतवाल आनंदपाल सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र प्राप्त हो गया है। मामले की जांच की जा रही है, जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## विकसित कृषि संकल्प व खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों को किया गया जागरूक




**प्रतापगढ़।** किसानों को आधुनिक, टिकाऊ एवं लाभकारी खेती के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से संचालित विकसित कृषि संकल्प अभियान एवं खेत बचाओ अभियान-2026 के तहत जनपद के विभिन्न विकास खण्डों की ग्राम पंचायतो में कृषि संगोष्ठियों एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को नई तकनीकों, प्राकृतिक खेती तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए प्रेरित किया। अभियान के अंतर्गत विकास खण्ड विहार के ग्राम सभा बरना व बहारिया, विकास खण्ड़ बाबागंज की ग्राम सभा बेल्हामाई व कोटा भवानीगंज एवं विकास खण्ड़ रामपुर संग्रामगढ़ के ग्रामसभा महेशपुर रामपुर व कामापट्टी में कृषि जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में किसानों ने भाग लिया और कृषि विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर खेती से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की।

कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. ए.के. सिंह, डॉ. प्रसेनजीत देबनाथ, यतेंद्र कुमार, डॉ. एन.के. सिंह एवं पी.के. सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाकर किसान अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने, उत्पादन लागत कम करने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर विशेष जोर दिया। विशेषज्ञों ने बीज शोधन, भूमि परीक्षण, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, संतुलित उर्वरक प्रयोग, हरी खाद के उपयोग तथा जैव उर्वरकों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही फसलों को रोगों एवं कीटों से बचाने, मृदा स्वास्थ्य सुधारने तथा पर्यावरण अनुकूल खेती अपनाने के उपायों की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान किसानों का फार्मर रजिस्ट्रीकरण भी कराया गया तथा उन्हें कृषि विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा संचालित विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। उप कृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह ने बताया है कि दिनांक 20.06.2026 को विकास खण्ड सदर के ग्राम सभा कोपा व नौबस्ता, विकास खण्ड़ बाबा बेलखरनाथ धाम की ग्राम सभा सोनाही व जयसिंहगढ़ एवं विकास खण्ड़ विहार के ग्रामसभा फूलपुर रामा व जलालपुर बारो विकसित कृषि संकल्प अभियान एवं खेत बचाओ अभियान-2026 का आयोजन किया जायेगा।

# झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से फिर हुई इलाज के दौरान एक महिला की मौत

**●पूर्व में अस्पताल हुआ था सीज ताला तोड़कर किया जा जा रहा था इलाज, स्वास्थ्य विभाग बना रहा तमाशबीन**

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के दीवर कोतारी गांव में स्थित प्रीति हॉस्पिटल अब न्यू प्रीति हॉस्पिटल में इलाज के दौरान पूर्व में मौत होने के बाद अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग ने सीज करके इलाज पर रोक लगा दिया था लेकिन अस्पताल का ताला तोड़ करके अस्पताल का संचालन फिर शुरू हो गया जहां इलाज के दौरान फिर एक महिला मरीज की मौत हो गई है महिला मरीज की फिर मौत होने के बाद अस्पताल संचालक के साथ-साथ पूरे स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं कि सीज किए गए अस्पताल का ताला तोड़कर कैसे संचालन हो रहा था में इन दिनों जगह जगह अवैध अस्पताल खोला जा रहा है।नामी डॉक्टरों का बोर्ड लगाकर अस्पताल संचालित कर मौत बाटा जा रहा है। सरकारी अस्पताल के डॉक्टर भी इन अस्पतालों में सेवा देने पहुंच रहे हैं आखिर इन मानक विहीन अस्पतालों पर कार्यवाही क्यों नही होती है। खुले आम मौत का सौदागर बने इन झोला छाप डॉक्टरों पर जिम्मेदार क्यों मेहरबान है जहां आए दिन इलाज के नाम पर मौत होती है और निर्दोष की जिंदगी छीन ली जाती है। लवकेश कुमार निवासी सुरसेना की पत्नी मुन्नी देवी को मुन्नी के मायके वालों ने मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के दीवर कोतारी पश्चिम स्थित न्यू प्रीति अस्पताल में 6 दिन पूर्व भती किया था जहा उसका आपरेशन हुआ और इलाज के दौरान झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से महिला मरीज की मौत हो गई।मृतका के पति ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया जिसके कारण मुन्नी देवी की मौत हो गई जब मौत की खबर मृतका के ससुराल वालो को हुई तो मौके पर काफी लोग पहुँचे।लवकेश कुमार ने मंझनपुर पुलिस पर आरोप लगाया कि पुलिस जबरन मारपीट कर मोबाईल छीना मंझनपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।और जाँच में जुटी है महिला मरीज की मौत के बाद कथित डॉक्टर राम सुरेमन और अन्य स्टाफ फरार है। राम सुरेमन के पास डिग्री ना होने के बाद भी यह बड़ा डॉक्टर बना हुआ है कई बार मुकदमा दर्ज हुआ कई बार मौत हुई लेकिन स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों से इसका लुका छुपी का खेल नहीं बंद हुआ जिसका नतीजा यह रहा कि फिर मरीज की मौत हो गई।

## समय बीत जाने के बाद भी गांव में नहीं शुरू हुई जनगणना

### लेखपाल की लापरवाही व मनमानी के चलते जनगणना से वंचित रह गया गांव

**नेवादा कौशाम्बी।** चायल तहसील के ग्राम सभा औधन के मजरा फरीदपुर गांव की अभी तक जनगणना का कार्य नहीं शुरू हुआ है बार-बार जिलाधिकारी जनगणना समय पर करने का निर्देश दे रहे हैं आए दिन वेटिंग होती है आए दिन बैठक होती है लेकिन उसके बाद गांव क्षेत्र में अभी जनगणना का कार्य नहीं शुरू हुआ है बताया जाता है कि औधन के मजरा फरीदपुर गांव में लेखपाल की लापरवाही से जनगणना का कार्य नहीं शुरू हुआ है ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि लेखपाल धर्मेन्द्र सिंह की लापरवाही व मनमानी के चलते मकान की जनगणना नहीं हो सकी जिससे ग्रामीण जनगणना से वंचित रह गए वहीं कुछ सरकारी कमचारियों से बात की गई तो उन्होंने भी बताया कि लेखपाल उस गांव को जनगणना करने की भूल गये है इससे पहले भी लेखपाल धर्मेन्द्र सिंह पर आय निवास प्रमाण पत्र में भी काफी लापरवाही मिली थी हमेशा लेखपाल सुखियों में रहते है सरकारी जमीनों में अवैध कब्जे के मामले में भी लेखपाल की भूमिका पर बड़े सवाल खड़े है जनगणना कार्य में लापरवाही करने वाले लेखपाल के कारनामे की अधिकारियों से जांच कराई तो उनकी बड़ी लापरवाही उजागर होगी ग्रामीणों ने लापरवाह लेखपाल पर कठोर कारवाई किए जाने की मांग की है।

# देश की उम्मीद हैं राहुल गांधी : गौरव पाण्डेय

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष, सांसद राहुल गांधी का जनपद मुख्यालय मंझनपुर में जिलाध्यक्ष कांग्रेस गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में जन्मदिन बड़ी धूम धाम से मनाया गया इसी क्रम में वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के बीच फल मिठाई बांट कर उनके दीर्घायु की कामना की गई इस दौरान जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि आज हमारे नेता और हर शोषित और वंचित की मजबूत आवाज है राहुल गांधी दूरदशी नेता है देश की जनता को वर्तमान भाजपा सरकार ने खूब छला है महंगाई,बेरोजगारी युवा पेपर लीक जैसी दिक्कतों से त्रस्त है लेकिन भाजपा को आम जनता की समस्या नहीं दिखती देश की सरकार केवल और केवल देश की जनता को भ्रम में रखकर अपना काम साधना जानती है युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है अब देश की जनता राहुल गांधी की ओर आशा और उम्मीद से देख रही है! किसान युवा और देश की आम जनता भाजपा के बहकावे में नहीं आने वाली है वो 2029 में राहुल गांधी के नेतृत्व वाली सरकार को चुनकर देश को खुशहाल बनायेगा कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व प्रदेश सचिव रामबहादुर त्रिपाठी,जिला उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा पप्पू,मनोज सिंह पटेल,उदय यादव,राम सूरत रैदास,जिला महासचिव आसिफ अल्वी जिला सचिव जयप्रकाश जायसवाल,हेमंत रावत,इंद्रपाल रैदास,सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय,ब्लाक अध्यक्ष नेवादा रावेंद्र यादव,ब्लाक अध्यक्ष मंझनपुर प्रदीप सिंह पटेल, ब्लाक अध्यक्ष कड़ा रफीक अहमद, नगर अध्यक्ष मंझनपुर संगीता कोरी, सदाशिव पाण्डेय, आलोक त्रिपाठी, पूजा कुमारी, रामदास राही, संदीप कुमार, छोटे लाल, दिनेश कुमार, अंकुर कुमार, अजय सरोज, सुनील कुमार,उमेश कोरी,रामू प्रजापति, प्रियांशू त्रिपाठी सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लुका छुपी के खेल में बीत गए 8 महीने नहीं बंद हुआ बालू का अवैध खनन

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के यमुना नदी के कटैया घाट पर अवैध खनन का लगातार आरोप लगा है ग्रामीणों ने खनन विभाग पर मिलीभगत के आरोप लगाए हैं जीपीएस टैग लगा वीडियो सामने आने के बाद भी बालू के अवैध खनन पर रोक नहीं लग रही है सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद यमुना की जलधारा से पोकलैंड मशीन लगाकर खनन हो रहा है 8 महीने से यमुना नदी की जलधारा से खनन किए जाने के बावजूद खनन विभाग रोक नहीं लग सका है जिससे खनन अधिकारियों की भूमिका पर सवाल खड़े हो गए हैं। सराय अकिल थाना क्षेत्र के कटैया घाट पर बड़े पैमाने पर अवैध बालू खनन किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पटाधारक के अलावा अन्य लोग भी दिन-रात नावों के सहारे यमुना नदी से बालू निकाल रहे हैं। माफिया पोकलैंड मशीन से यमुना की जलधारा से बालू खनन कर रहे हैं 8 महीने से खनन विभाग केवल जांच की बात कर रहा है स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध खनन के कारण नदी का स्वरूप बदल रहा है और आसपास के क्षेत्रों में कटान का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार इसकी शिकायत खनन अधिकारी चंद्र प्रकाश जायसवाल से की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।ग्रामीणों ने बताया कि विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के कारण अवैध खनन करने वालों के हौसले बुलंद हैं। कार्रवाई न होने से अब खनन विभाग और अवैध खनन कर्ताओं के बीच मिलीभगत की चर्चा भी होने लगी है।इस संबंध में खनन विभाग का पक्ष जानने का प्रयाश किया गया इससे विभाग का जांच सामने नहीं आ सका है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। सवाल उठता है कि जिले के विभिन्न यमुना घाटों से यमुना की जलधारा के बीच से पोकलैंड मशीन लगाकर बालू का अवैध खान बीते 8 महीने से हो रहा है और खनन अधिकारी केवल तमाशा देख रहे हैं चर्चाओं पर जाए तो यमुना की जलधारा से खनन करने वाले माफियाओं से खनन अधिकारी की हिस्सेदारी निश्चित है जिससे अवैध खनन में रोक लगाने बजाए लगातार खनन अधिकारी शासन से लेकर जिलाधिकारी तक को गुमराह कर रहे हैं खनन अधिकारी के रहते हुए यमुना की जलधारा से बालू खनन पर रोक लगती नहीं दिख रही है जिससे खनन अधिकारी को हटाते हुए इन पर कठोर कारवाई करते हुए यमुना की जलधारा से खनन पर रोक लगाए जाने की मांग आम जनता ने की है।

# हादसे में दर्जन भर श्रद्धालु हुए घायल, 5 की हालत गंभीर

**प्रयागराज संगम स्नान कर वापस बांदा जाते समय कौशाम्बी में श्रद्धालुओं की पिकअप गाड़ी ईंट लदी हुई ट्रैक्टर से टकराई**

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी।** प्रयागराज संगम से गंगा स्नान कर वापस बांदा जाते समय श्रद्धालुओ की पिकअप गाड़ी देर रात महेवाघाट थाना क्षेत्र के कुम्हियावा गांव के पास ईंट लदी हुई ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई,हादसे में दर्जन भर श्रद्धालु घायल हो गए हैं घायलों में 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है,घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा जहां सभी का इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक बांदा से प्रयागराज गंगा स्नान करने गए श्रद्धालुओं की पिकअप गाड़ी गंगा स्नान कर गुरुवार की रात वापस लौट रहे थे,देर रात वापस लौटते समय श्रद्धालुओ की गाड़ी महेवाघाट थाना क्षेत्र के कुम्हियावा गांव के पास आगे चल रहे बिना लाइट के ईंट लदी हुई ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई,तेज आवाज के साथ टक्कर होने के बाद पिकअप गाड़ी में बैठे लोग तितर बितर हो गए और एक दूसरे पर चढ़ गए,हादसे के बाद चीख पुकार मच गई,घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा जहा उनका इलाज चल रहा है,इस हादसे में लगभग दर्जनभर श्रद्धालु घायल बताये जा रहे है,वही पांच लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है।

## नौ दिवसीय वाषिकीत्सव का भव्य समापन, विशाल भंडारे में उमड़ा श्रद्धा का जनसैलाब

**कौशाम्बी।** कौशाम्बेश्वर संकट मोचन आश्रम ट्रस्ट में आयोजित नौ दिवसीय वाषिकीत्सव शुक्रवार को धार्मिक आस्था,वैदिक परंपराओं और भक्ति भाव के अद्भुत संगम के साथ संपन्न हो गया। शिव महापुराण कथा एकादश कुण्डीय महागणपति महायज्ञ,संत समागम और विशाल भंडारे के दौरान आश्रम परिसर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से खचाखच भरा रहा। समापन अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का पूजन-अर्चन कर धर्म लाभ अर्जित किया।नौ दिनों तक चले इस आध्यात्मिक महोत्सव में प्रतिदिन शिव महापुराण कथा का रसपान कर श्रद्धालु भावविभोर होते रहे। कथा में भगवान शिव की महिमा,भक्तों के प्रति उनकी करुणा,धर्म, सत्य और मानव कल्याण के संदेशों का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा श्रवण के लिए क्षेत्र ही नहीं बल्कि दूर-दराज के गांवों और जनपदों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। वाषिकीत्सव के दौरान आयोजित एकादश कुण्डीय महागणपति महायज्ञ में वैदिक आचार्यों के निर्देशन में विधि-विधान पूर्वक यज्ञीय अनुष्ठान संपन्न हुए। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक जयघोषों के बीच श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति देकर परिवार की सुख-समृद्धि, समाज में शांति और विश्व कल्याण की कामना की। सुबह से ही आश्रम परिसर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भगवान शिव,माता पावती और श्रीगणेश की विशेष पूजा-अर्चना के बाद भव्य आरती का आयोजन हुआ। आरती के दौरान पूरा आश्रम ह्यहर-हर महादेवह्न, ह्यबम-बम भोले और जय श्री गणेश के जयघोषों से गूंज उठा। आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया भंडारे में जाति,वर्ग और क्षेत्र की सीमाओं से ऊपर उठकर लोगों ने एक



साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। ट्रस्ट के संस्थापक बाबा बुद्धन दास महाराज ने कहा कि धर्म और अध्यात्म व्यक्ति के जीवन को नई दिशा प्रदान करते हैं। संयोजक शिवाकांत मिश्र ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, संत महात्माओं, समाजसेवियों एवं क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।समापन समारोह में आयोजक शिवाकांत मिश्र, चंद्रप्रकाश, सुभाष केशरवानी नगर अध्यक्ष मदन केशरवानी, रिंकू केशरवानी, राजू केशरवानी अंकित केशरवानी राजेन्द्र केशरवानी अनिल केशरवानी राजू मनोज कुमार स्वणर्कार, वीरू स्वणर्कार, राजू केशरवानी सहित बड़ी संख्या में नागरिक संत-महात्मा एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे श्रद्धालुओं ने आयोजन को धर्म,भक्ति और लोककल्याण का अनुपम संगम बताते हुए आश्रम ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना की।नौ दिवसीय इस धार्मिक महोत्सव के समापन के साथ ही श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से सुख,शांति और समृद्धि की कामना करते हुए अगले वर्ष पुनः ऐसे ही भव्य आयोजन में शामिल होने का संकल्प लिया।

## स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम

**विश्व क्लबफुट दिवस**




**कौशांबी।** विश्व क्लबफुट दिवस के अवसर पर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय,कौशांबी में क्लबफुट से प्रभावित बच्चों एवं उनके परिवारों के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य क्लबफुट की समय पर पहचान,उपचार एवं नियमित फॉलो-अप के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करना था। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरिओम कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि क्लबफुट जैसी जन्मजात विकृति का समय पर उपचार बच्चों को सामान्य जीवन जीने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने अनुष्का फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए इसे प्रभावित बच्चों एवं उनके परिवारों के लिए एक वरदान बताया। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन के सहयोग से अनेक बच्चे आज अपने पैरों पर चलने में सक्षम हो सके हैं। कार्यक्रम का सुभारम्भ अभिभावकों के साथ केक काटकर किया गया।रायबरेली से आए अनुष्का फाउंडेशन के मास्टर ट्रेनर एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.दिनेश प्रताप सरोज एवं महाविद्यायल के सहायक आचार्य डॉ.मोहित पटेल साथ मिलकर क्लबफुट से ग्रसित 24 बच्चों का परीक्षण एवं उपचार किया। जिसमें 4 बच्चों के पैरों का सफल ऑपरेशन तथा 5 बच्चों को प्लास्टर लगाया गया और बाकी बच्चो का समुचित उपचार किया गया कार्यक्रम में उपस्थित सभी बच्चों एवं अभिभावको को प्रोत्साहन स्वरूप बिस्किट एवं पेय पदार्थ वितरण किया गया। साथ ही अभिभावकों को नियमित उपचार एवं फॉलो-अप के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।क्लबफुट एक जन्मजात स्थिति है,जिसमें बच्चे के पैर जन्म के समय अंदर की ओर मुड़े होते हैं। यह लगभग 800 बच्चो में से 01 नवजात बच्चा ग्रसित होता है, समय पर उपचार मिलने पर ऐसे बच्चे सामान्य एवं सक्रिय जीवन व्यतीत कर सकते हैं। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत प्रभावित बच्चों की पहचान कर उन्हें उपचार सेवाओं से जोड़ा जाता है। कार्यक्रम में हॉस्पिटल मैनेजर डा0 शुयेब सिद्दिकी,डा0 स्नेहिल मिश्रा, अनुष्का फाउंडेशन के ब्रांच मैनेजर विशाल सक्सेना,ज्योति राव,एवं तकनीशियन सुरेश तथा अमलेश सहित अन्य स्वास्थ्यकमी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।


## न्यूज झरोखा

### कड़ा कुंवारी घाट पर मां गंगा की भव्य आरती, दीपों से जगमगाया घाट



**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी** पौराणिक कड़ा कुंवारी घाट पर शुक्रवार शाम मां गंगा की भव्य आरती का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां गंगा का पूजन-अर्चन कर अरती की गई। घाट दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। इस दौरान श्रद्धालु गंगा मैया के जयकारे लगाते रहे।श्रद्धालुओं ने गंगा में दीपदान कर सुख-समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने गंगा मैया के भजन गाए। गंगा सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि कड़ा कुंवारी घाट को बनारस की तर्ज पर विकसित करने का प्रयास है। हर पूर्णिमा और विशेष अवसरों पर यहां भव्य गंगा आरती का आयोजन किया जाता है इससे धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

### बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं मुख्य सेविकाओं के साथ डीपीओ ने की समीक्षा बैठक




**कौशाम्बी।** जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में विभागीय कार्यों में गति लाने,शासन के मंशानुरूप लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्राप्त कराने के दृष्टिगत पात्र लाभार्थियों के चिन्हांकन आदि के लिए जनपद में नवागत जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव ने शुक्रवार को विकास भवन मंझनपुर के सरस हाल में जनपद के समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी,मुख्य सेविकाओं की समीक्षा बैठक की।उक्त बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा पोषण ट्रैकर,प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना,संभव अभियान,हॉट कुक्ड योजना, पोषण पुनर्वास केन्द्र, सी०एम० डैशबोर्ड,ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण,सक्षम ऑगनबाड़ी के साथ-साथ नवीन अनुपूरक पुष्टाहार के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी और आवश्यक जानकारी देते हुए विभागीय योजनाओं की प्रगति में सार्थक प्रयास करते हुए पात्र लाभार्थियों को विभागीय योजनाओं का लाभ पहुँचाने का निर्देश दिया गया।

### खंड विकास अधिकारी ने मूरतगंज ब्लॉक के परिसर में कराया योगा



**हर्रायपुर कौशाम्बी।** मूरतगंज ब्लॉक में खंड विकास अधिकारी आशीष कुमार केसरवानी ने समस्त ब्लाक कमर्चारियों को योग दिवस के पूर्व गुरु शुक्रवार को योगा कराया इस मौके पर उन्होंने कहा की बराबर सुबह योगा करने से शरीर स्वस्थ रहती है और शरीर में किसी प्रकार की बीमारियों का सामना नहीं करना पड़ता है और जिससे हम स्वस्थ रहते हैं मूरतगंज ब्लॉक के सभी कमर्चारी ने योगा किया इस मौके पर खंड विकास अधिकारी कार्यालय मूरतगंज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# राज्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती कायर्शाला कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में समेकित जनकल्याण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिका परिषद,मंझनपुर परिसर में कृषि एवं कृषि संवगीय विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का राज्यमंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास,उ.प्र. श्रीमती कृष्णा पासवान ने शुक्रवार को फीता काटकर उद्घाटन एवं स्टालों का अवलोकन किया राज्यमंत्री ने नगर पालिका परिषद, मंझनपुर सभागार में आयोजित प्राकृतिक खेती कायर्शाला कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ एवं कृषकों को बीज मिनीकिट निःशुल्क प्रदान किया। राज्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 5 जून,2026 से 21 जून,2026 तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत 02 दिवसीय प्राकृतिक खेती कायर्शाला का आयोजन किया गया। सरकार ने विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों के कल्याण के लिए अनेक कार्य किए है। किसानों को नलकूप से सिंचाई निःशुल्क कर दिया

**कृषकों को बीज मिनीकिट निःशुल्क किया प्रदान प्राकृतिक खेती अपनाने का किया गया आवाहन**



गया है।किसानों को नलकूप का बिल जमा नहीं करना है। एम.एस.पी.दर पर किसानों से उनकी फसल-गेहूं व धान आदि की रिकॉर्ड स्तर पर खरीद की गई है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत किसानों को रुपए 06 हजार प्रतिवर्ष देने का कार्य किया जा रहा है। किसानों के कल्याण के लिए सरकार सभी क्षेत्रों में कार्य की है। राज्यमंत्री ने किसानों से अपील की कि वे खेती के साथ-साथ गाय पालन,बकरी पालन एवं मुगी पालन आदि कार्य भी करें। इसके लिए सरकार आर्थिक सहायता एवं छूट भी प्रदान कर रही है। इससे किसानों की आय में और वृद्धि हो सकेगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कायर्शाला में बताए गए उपायों तकनीक को अपनाकर प्राकृतिक खेती करें। खेती में संतुलित मात्रा में ही खाद का उपयोग करें। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ने किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की हैं। निवतर्मान विधायकों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने का आवाहन किया।इस अवसर पर सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग प्रतिभा कुशवाहा,अवधेश गुप्ता,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंझनपुर वीरेंद्र कुमार फौजी व भरवारी कविता पासी,अध्यक्ष नगर पंचायत सिराथू भोला यादव,शिव मोहन मौर्य, ज्योति केसरवानी,नीतू कनौजिया व भोलेशंकर कुशवाहा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल, पुलिस अधीक्षक सत्य नारायण एवं मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## शराबी चपरासी को 4 वर्षों से बिना ड्यूटी के वेतन दे रहे हैं अधीक्षक

**बीते 4 वर्षों से बिना ड्यूटी के चपरासी को वेतन दिए जाने के मामले में क्या जांच के बाद 4 वर्षों का वेतन चपरासी से रिकवरी होगी**

**कौशांबी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंझनपुर में शराबी चपरासी बीते 4 वर्षों से अस्पताल में ड्यूटी नहीं दे रहा है इस बात का खुलासा अस्पताल में लगा सीसीटीवी कैमरा भी कर रहा है लेकिन उसके बाद भी शराबी चपरासी को प्रत्येक महीने स्वास्थ्य विभाग वेतन दे रहा है बिना ड्यूटी दिए शराबी चपरासी को प्रत्येक महीने वेतन दिए जाने के पीछे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंझनपुर के अधीक्षक की क्या भूमिका है यह तो बड़ी जांच का विषय है बताया जाता है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंझनपुर में तैनात चपरासी चिंगु शराब पीकर बीते 4 साल से मौज मस्ती कर रहा है कभी भी वह अस्पताल की ड्यूटी पर नहीं मौजूद रहता है जिससे सफाई व्यवस्था चौपट हो गई है उसके स्थान पर उसका बेटा सुनील अस्पताल की सफाई करने कभी-कभी पहुंच रहा है जो बिना नियुक्ति के ड्यूटी के नाम पर पूरे दिन अस्पताल में मौजूद रहता है और मरीज के इलाज के नाम पर वसूली करता है सुनील अस्पताल का दलाल बन चुका है और प्रत्येक मेडिकल मुआयना में भी वसूली होती है बिना ड्यूटी के शराबी कमर्चारी का वेतन निकालने के मामले में अधीक्षक की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो गए हैं इस संबंध में अस्पताल के अधीक्षक से जब फोन पर बातचीत की गई तो उन्होंने इस बात को स्वीकार किया है कि चपरासी ड्यूटी नहीं देता है लेकिन उनका बेटा उसकी जगह ड्यूटी दे रहा है जब उनसे पूछा गया कि क्या पिता की जगह बेटा को नौकरी में ड्यूटी देने का कोई कानून सरकार ने बनाया है तो उन्होंने कहा कि इस तरह का कोई कानून नहीं है इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामला गंभीर है और वह मामले की जांच कर दोषी को दंडित करेंगे अब सवाल उठता है कि बीते 4 वर्षों से बिना ड्यूटी के चपरासी को वेतन दिए जाने के मामले में क्या जांच के बाद 4 वर्षों का वेतन चपरासी से रिकवरी होगी या फिर जांच के नाम पर केवल ड्रामेबाजी होती रहेगी इतना ही नहीं बिना ड्यूटी के वेतन दिलवाने वाले फजी उपस्थिति दर्ज करने वाले अस्पताल के अधीक्षक के कारनामे पर इन्हें क्या दंडित किया जाएगा इस बात का उत्तर आम जनता सरकार से चाहती है।

# सिकल सेल रोगः विश्व सिकल दिवस, सिकल सेल : समानता का हकदार


**डॉ.ए.आर.दल्ला**

**प्रति** वर्ष 19 जून को विश्व सिकल दिवस मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस वर्ष 2026 के लिए एक थीम चर्चा का विषय दी है-'जीवन रक्षा की खाई को भरें सिकल सेल पर समानता सुनिश्चित करें।' यह दिन जीवन के प्रबंधन की गुणवत्ता में सुधार लाने और बेहतर सुविधाओं की वकालत करने का एक वैश्विक अभियान भी है।

पहले इसे सिर्फ अश्वेत अफ्रीकन (नीग्रो) लोगों का रोग माना जाता था। चिकित्सा विज्ञान की प्रगति से मालूम हुआ कि यह विकृति भारत, अरब, और मेडीटेरियन अफ्रीका के अन्य देशों में भी व्याप्त है। रोजी-रोटी की तलाश में जाने वाले प्रवासी अश्वेत नीग्रों के माध्यम से यह रोग अमेरिका और यूरोप के अन्य देशों में भी पहुंचा। यहां यह जानना जरूरी है कि विश्व के विकसित और विकासशील देशों में स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर में बहुत अंतर है- इसमें आर्थिक संसाधनों की एक बड़ी कमी की समस्या भी सामने आती है। इसी संदर्भ में इस वर्ष 2026 में विश्व-स्वास्थ संगठन ने एक सामायिक थीम दी है- 'जीवन रक्षा की खाई को भरें। समानता सुनिश्चित करें।'

विश्व सिकल दिवस के अवसर विश्व समुदाय एकजुट होकर लाखों सिकल ग्रसित परिवारों को संबल प्रदान करता है-जो इस अनुवांशिक व्याधि से व्यथित है। संयुक्त राष्ट्र संगठन ने विशेष रूप से कहता है कि सभी प्रभावित देशों एवं पंजीकृत सेवा संस्थाओं को एकजुट होकर सिकल रोग पर जन-चेतना का प्रसार और इलाज का प्रयास करना होगा। हमें सब मिलकर अनुसंधान, नवाचार और आवश्यक वित्तीय सहायता को बढ़ावा देना होगा।

भारतवर्ष में सिकल सेल-वर्ष 1952 तक भारतवर्ष में इस बीमारी पर



जानकारी का अभाव था। समय के साथ ज्ञात हुआ कि भारत के कुछ प्रदेशों के आदिवासी पिछड़े और वंचित लोगों का एक बड़ा वर्ग इस अनुवांशिक व्याधि से प्रभावित है।

यहां यह बतलाना आवश्यक है कि विकसित और विकासशील देशों में स्वास्थ्य सेवाओं और आर्थिक बजट में एक बहुत बड़ा अन्तर है। हमें एकजुट होकर सिकल रोग से व्याधित व्यक्तियों के परिवारों को संबल और सहायता पहुंचाना है। जो इस वंशानुगत रक्त विकार के साथ जी रहे हैं। वर्ष 2026 का विश्व सिकल दिवस का दिन सिर्फ जनजागरण का दिन नही हैं बल्कि जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने और बेहतर सुविधाओं की वकालत के लिए एक वैश्विक अभियान भी है।

छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के साथ ही राज्य में सिकल सेल व्याधि पर संज्ञान लिया गया।

छत्तीसगढ़ की विधानसभा में वर्ष 2008 को सर्वसम्मति से सिकल सेल विकृति पर नियंत्रण का संकल्प भी सर्वसम्मति से पास हुआ। रायपुर में सिकल सेल रोग पर एक अंतरराष्ट्रीय कांग्रेस के आयोजन में विश्व का ध्यान आकर्षित करने का प्रस्ताव पारित कर भारत के महामहिम राष्ट्रपति को सौंपा गया।

भारत में राष्ट्रीय स्तर पर सिकल कार्यों को प्रगति तब मिली जब भारत के आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने इसका संज्ञान लिया। विगत वर्ष सिकल सेल विकृति की रोकथाम के लिये 'मिशन मोडइ पर वृहत प्रयास का प्रारंभ करते हुये, आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने मध्यप्रदेश के शहडोल में एक विशेष 'सिकल नियंत्रण केन्द्रइ की स्थापना की। प्रारंभिक तौर पर यह भारतवर्ष के 17 प्रभावित राज्य के 275 जिलों के आदिवासी क्षेत्रों में सिकल रोग सर्वेक्षण रोकथाम एव जनजागरण का प्रयास मिशन मोड में करेगा।

प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2047 तक सिकल सेल व्याधि के उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। आइए, हम सब मिलकर अनुसंधान, नवाचार, और आवश्यक वित्तीय सहायता को बढ़ावा देने का प्रयास करें ताकि प्रत्येक रोगी को वह गुणवत्ता पूर्ण देखभाल और उपचार मिल सके- जिसका वह हकदार है।

## सुल्तानपुर मे नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा) राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया



**सुल्तानपुर। प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के आह्वान एवं जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा) राहुल गांधी का जन्मदिवस शुक्रवार को सेवा, समर्पण और मानवता के संदेश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकताओं ने पहले जिला कार्यालय पर केक काटकर एक दूसरे को खिलाते हुए राहुल गांधी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु होने की कामना की, ततपश्चात जिला चिकित्सालय/राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचकर भर्ती मरीजों एवं उनके तीमारदारों को फल वितरित किए और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा एवं शहर अध्यक्ष शकील अंसारी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकताओं ने कहा कि राहुल गांधी की राजनीति का वास्तविक उद्देश्य समाज के कमजोर, जरूरतमंद और पीड़ित वर्गों की सेवा एवं उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करना है, इसी भावना के तहत राहुल गांधी के जन्मदिवस को उत्सव की बजाय सेवा दिवस के रूप में मनाया गया।

फल वितरण के दौरान कांग्रेसजनों ने मरीजों का हालचाल जाना और उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया। अस्पताल परिसर में मौजूद मरीजों के तीमारदारों ने भी इस पहल की सराहना की। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने बताया कि जिले के सभी ब्लॉकों में भी ब्लॉक अध्यक्षों के नेतृत्व में स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर मरीजों एवं उनके परिजनों के बीच फल वितरित किया गया। कांग्रेसियों ने जरूरतमंदों की सहायता कर राहुल गांधी के जन्मदिवस को जनसेवा और सामाजिक सरोकार से जोड़ने का प्रयास किया। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि राहुल गांधी जी हमेशा गरीबों, किसानों, मजदूरों, युवाओं और वंचित वर्गों की आवाज बनकर उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहे हैं।

## पोलो ग्राउंड में होगा जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम

### तैयारियों की समीक्षा कर कलेक्टर ने दिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश, सुबह 6 बजे से होगा आयोजन

**शिवपुरी। अंतर्राष्ट्रीय** योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जिला मुख्यालय शिवपुरी में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय पोलो ग्राउंड में किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय आयोजन गरिमामयी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न होना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम से जुड़े सभी विभागों को सौंपे गए दायित्वों का समयबद्ध एवं जिम्मेदारीपूर्वक





निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योग दिवस कार्यक्रम में सभी शासकीय विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों तथा आम नागरिकों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित की जाए, ताकि योग के प्रति जनजागरूकता का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके।

योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि योग केवल एक दिवस तक सीमित गतिविधि नहीं है, बल्कि यह स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने का माध्यम है। योग को अपनी दैनिक जीवनशैली में शामिल कर हम शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं। उन्होंने जिले के नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर योग को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका निभाएं। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों, छात्र-छात्राओं एवं विभिन्न संस्थाओं से 21 जून को प्रातः 6 बजे पोलो ग्राउंड पहुंचकर योग कार्यक्रम में सहभागिता करने का आग्रह किया है।

## युवक को भैंस खोजवाने के बहाने ले जाकर रात भर की पिटाई

**सुल्तानपुर कुड़वार** थाना अंतर्गत कंटावा गांव में एक हैरत अंगेज घटना सामने आई है जहां एक व्यक्ति की भैंस गायब होने पर वह खुद ही दरोगा पर बैठा साथियों के साथ गांव के एक युवक को घर से भैंस खोजवाने के बहाने बुलवाया और ले जाकर बंधक बना कर थर्ड डिक्री ट्रीटमेंट देता रहा।लाठी डंडे व पट्टे से रात भर पिटाई की साथ ही जान से मार डालने की धमकियां देते रहे किसी तरह पीड़ित जान बचाकर घर पहुंचा और परिजनों को सारी आपबीती बताई और परिजनो के साथ कुड़वार थाने पहुंच कर घटना के बाबत तहरीर दी। घटना की



जानकारी लगते ही कुड़वार थाना अध्यक्ष प्रवीण यादव के होश उड़ गए चार नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ तत्काल केस दर्ज करते हुए कुड़वार पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई ।यहाँ पीड़ित राजेंद्र यादव की माने तो कोतवाली नगर के रामनगर निवासी सूबेदार सिंह की कुछ दिनों पहले भैंस गायब हो गई थी जिसको लेकर उनके परिवार खोजबीन कर रहे थे। बीते 17 तारीख को सूबेदार सिंह अपने साथ शिवम सिंह व एक अन्य को लेकर उनके घर पहुंचे और उनसे भैंस खोजवाने में मदद करने को कहा। राजेंद्र यादव उनकी मदद के लिए निकल गया। यहां कानून की मदद लेने के बजाय सूबेदार सिंह और उनके साथी खुद ही दरोगा बन बैठे भैंस खोजवाने के बहाने राजेंद्र यादव को ले जाकर सूबेदार सिंह शिवम सिंह वीरू राय आनंद यादव व एक अन्य ने मिलकर उन्हें बंधक बना लिया।रात भर लाठी डंडे व पट्टे से उसकी पिटाई करते रहे उन्हें थर्ड डिग्री टॉर्चर देते रहे ।

## विजय नारायण हत्याकांड में पुलिस अफसरों के कार्य व्यवहार से कोर्ट नाराज

**सुल्तानपुर। विजय** नारायण सिंह हत्याकांड से जुड़े मात्र एक आरोपी के खिलाफ चार्जशीट भेजने एवं अन्य अन्य नामजदो के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध होने के बावजूद उसे नजरअंदाज कर उन्हें जानबूझकर क्लीनचिट देने के आरोप से जुड़े मामले में कोर्ट के बार-बार आदेश के बावजूद कोतवाली पुलिस एवं विभाग के उच्चाधिकारी आख्या पेश कर पाने में असफल रहे। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह की अदालत ने मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए पुलिस अधिकारियों के जरिये पेश की जाने वाली आख्या का अवसर समाप्त कर दिया है।बृहस्पतिवार को सामने आए आदेश में अदालत ने मामले में पुलिस की लगातार लापरवाही को देखते हुए अगली कार्रवाई बढ़ाने के लिए दो जुलाई की तारीख तय की है। अदालत ने जारी आदेश की प्रति आरोपी पुलिस ऑफिसर सीमा सरोज एवं पुलिस अधीक्षक को भी भेजने का आदेश जारी किया है।कोतवाली नगर के नारायनपुर के रहने वाले सतीश नारायण सिंह ने सात अप्रैल साल 2024 को स्थानीय कोतवाली में पल्लवी होटल के सामने अपने भाई विजय नारायण सिंह की गोली मारकर हुई ।

## मानसून की सुस्ती से खेती प्रभावित, शिवपुरी में टमाटर की रोपाई 10 दिन से ज्यादा पिछड़ी

**अखंड भारत संदेश**

**शिवपुरी। मानसून की** धीमी रफ्तार का असर जिले की खेती पर दिखाई देने लगा है। पर्याप्त बारिश नहीं होने से खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित हो रही है। प्रदेश के प्रमुख टमाटर उत्पादक क्षेत्रों में शामिल शिवपुरी में इस बार टमाटर की रोपाई 10 दिन से अधिक पिछड़ गई है। किसानों ने पहले से पौध तैयार कर ली है, लेकिन खेतों में नमी की कमी के कारण रोपाई शुरू नहीं हो पा रही है।

किसानों का कहना है कि यदि जल्द अच्छी बारिश नहीं हुई तो



तैयार पौध अधिक बड़ी होने से उसकी गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। इससे उत्पादन पर असर पड़ने के साथ किसानों की लागत भी बढ़ सकती है। जरूरत पड़ने पर नई पौध तैयार कराने या खरीदने की नौबत आ सकती है। टमाटर के अलावा सोयाबीन और मक्का जैसी खरीफ फसलों की बुवाई भी बारिश का इंतजार कर रही है।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अब तक सामान्य से कम वर्षा दर्ज की गई है। ऐसे में किसानों की निगाहें मानसून की सक्रियता पर टिकी हैं। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अगले कुछ दिनों में अच्छी बारिश हो जाती है तो खेती के काम गति पकड़ सकते हैं, लेकिन अधिक देरी होने पर उत्पादन प्रभावित होने की आशंका बढ़ जाएगी।

## बिना बिल-रसीद ले जा रहे थे 79 बोरी डीएपी खाद, प्रशासन ने पकड़ा, दो आरोपियों पर केस

**अखंड भारत संदेश**

**शिवपुरी। जिले** में डीएपी खाद के अवैध परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 79 बोरी खाद जब्त की है। संयुक्त जांच अभियान के दौरान दो वाहनों से बरामद खाद के संबंध में चालक कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद कृषि विभाग की शिकायत पर कोतवाली थाना पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम और उर्वरक (नियंत्रण) आदेश के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तहसीलदार सिद्धार्थ शर्मा के निर्देश पर कृषि, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने शुक्रवार रात फतेहपुर रोड स्थित गीता पब्लिक स्कूल के समीप जांच अभियान चलाया। इस दौरान अधिकारियों ने दो संदिग्ध वाहनों को रोककर तलाशी ली। जांच में ग्राम बलेरा निवासी राजेश यादव के मैसी ट्रैक्टर से आईपीएल कंपनी की 47 बोरी डीएपी खाद तथा भोगरीपुरा निवासी अभिषेक रावत के महिंद्रा पिकअप वाहन से 32 बोरी डीएपी खाद बरामद हुई। दोनों वाहनों से कुल 79 बोरी खाद जब्त कर ली गई।

## मोहर्रम पर मायके जाने को लेकर विवाद

### गर्भवती महिला ने पति समेत चार पर कराया मामला दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**शिवपुरी। शहर** के पुरानी शिवपुरी क्षेत्र में मोहर्रम के दौरान मायके जाने की बात को लेकर हुए पारिवारिक विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। विवाद के दौरान दोनों पक्षों में मारपीट हुई, जिसके बाद एक गर्भवती महिला ने अपने पति सहित चार ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। वहीं, दूसरे पक्ष ने भी मारपीट और गर्भवती महिला के घायल होने के आरोप लगाए हैं।

जानकारी के अनुसार, रहमत मस्जिद वाली गली निवासी रूबीना पत्नी सोहिल खान ने पुलिस को दी





शिकायत में बताया कि ससुराल पक्ष के लोग उसे घरेलू कामकाज को लेकर लगातार प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि 18 जून की शाम जब उसने मोहर्रम के अवसर पर मायके जाने की इच्छा जताई, तो उसके पति सोहिल खान, जेठ मोहसिन खान, सास शमीम बेगम और ससुर अनवर खान ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। रूबीना का आरोप है कि विवाद के दौरान उसके पति ने उसके पेट में लात मारी, जबकि सास ने उसके साथ झूमाझपटी की। शोर-शराबा सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे उसके पिता और भाई के साथ भी मारपीट की गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एफआईआर दर्ज कराने के बाद महिला अपने मायके पक्ष के साथ गुना चली गई।

दूसरे पक्ष ने भी लगाए आरोप

दूसरी ओर, सोहिल खान ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी मोहर्रम के ताजिये देखने के लिए गुना जाने की जिद कर रही थी। मना करने पर उसने अपने मायके पक्ष के लोगों को बुला लिया। आरोप है कि इसके बाद मायके पक्ष के लोग घर पहुंचे और विवाद के दौरान मारपीट करने लगे।

## तेज आंधी-बारिश से चार मकानों की टीन शेड उड़ीं, घरों से बाहर भागे लोग



**अखंड भारत संदेश**

**शिवपुरी। जिले** के बदरवास थाना क्षेत्र अंतर्गत चितारा गांव में शुक्रवार को आई तेज आंधी और बारिश ने कई परिवारों को भारी नुकसान पहुंचाया। तेज हवाओं के कारण चार मकानों की टीन शेड उड़ गईं, जिससे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना के दौरान घरों में मौजूद लोगों को अपनी जान बचाने के लिए बाहर निकलना पड़ा। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार, चितारा गांव निवासी भरत जाटव के मकान में उनका दिव्यांग भाई छोटू जाटव, पत्नी मायावती, मां श्रीयाबाई तथा चार बच्चे मौजूद थे। अचानक तेज आंधी और बारिश के बीच मकान की टीन शेड उड़ गई, जिससे परिवार के सदस्यों में दहशत फैल गई और सभी लोग घर से बाहर निकल आए।

ग्रामीणों ने बताया कि विजय जाटव, लखन जाटव और इमरत जाटव के मकानों की टीन शेड भी तेज हवाओं के कारण उड़ गईं। इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को काफी नुकसान हुआ है। घरों में रखा घरेलू सामान एवं अनाज बारिश में भीगने से खराब हो गया।

मोटरसाइकिल भी हुई क्षतिग्रस्त

तेज हवा के दौरान उड़ी टीन शेड विजय जाटव की मोटरसाइकिल पर गिर गई, जिससे बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों के अनुसार आंधी और बारिश की रफ्तार इतनी तेज थी कि कुछ समय के लिए पूरे गांव में भय और दहशत का माहौल बन गया था।

प्रशासन से सहायता की मांग

घटना के बाद प्रभावित परिवारों ने प्रशासन से नुकसान का सर्वे कराकर उचित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि अचानक हुए नुकसान से उनके सामने रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने की समस्या खड़ी हो गई है।

## उत्कर्ष आत्महत्या प्रकरण में नया मोड़, पत्नी समेत पांच पर फर्जी दस्तावेज पेश करने का मामला दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**शिवपुरी। जिले** के बहुचर्चित उत्कर्ष शिवहरे आत्महत्या मामले में नया मोड़ सामने आया है। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच के बाद उत्कर्ष की पत्नी रिया शिवहरे सहित पांच लोगों के खिलाफ कथित रूप से फर्जी दस्तावेज तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के आरोप में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस का आरोप है कि आरोपियों ने जमानत प्राप्त करने के उद्देश्य से कूटरचित दस्तावेजों का इस्तेमाल किया।

जानकारी के अनुसार, उत्कर्ष शिवहरे ने विवाह के लगभग एक वर्ष बाद 19 अप्रैल 2026 को आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में फिजिकल थाना पुलिस ने रिया शिवहरे, उनके पिता जितेंद्र शिवहरे, भाई ध्रुव शिवहरे सहित अन्य लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण (उकसाने) का मामला दर्ज किया था।

जमानत आवेदन में प्रस्तुत किया गया था दस्तावेज

मामले की सुनवाई के दौरान आरोपियों की ओर से न्यायालय में एक आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिसमें दावा किया गया था कि घटना वाले दिन सुबह 10:15 बजे रिया शिवहरे ने भोपाल के गौतम नगर थाने में ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ना की शिकायत दर्ज कराई थी। उक्त दस्तावेज का उल्लेख आरोपियों के जमानत आवेदन में भी किया गया था। पुलिस द्वारा दस्तावेज की सत्यता की जांच किए जाने पर मामला संदिग्ध पाया गया। कोतवाली पुलिस ने गौतम नगर थाना, भोपाल से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। जांच के दौरान सामने आया कि जिस समय शिकायत दर्ज कराने का दावा किया गया था, उस दौरान रिया शिवहरे के थाने पहुंचने के कोई स्पष्ट साक्ष्य सीसीटीवी



फुटेज में नहीं मिले। इसके अलावा पुलिस रिकॉर्ड और संबंधित अधिकारियों के बयानों में भी कई विसंगतियां पाई गईं।

पांच लोगों के खिलाफ नया अपराध दर्ज

प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आने के बाद कि न्यायालय में कथित रूप से कूटरचित दस्तावेज प्रस्तुत किए गए, कोतवाली पुलिस ने गीता शिवहरे, रिया शिवहरे, जितेंद्र शिवहरे, ध्रुव शिवहरे और रियम शिवहरे के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत नया मामला दर्ज किया है।

पुलिस कर रही विस्तृत जांच

पुलिस के अनुसार, मामला अब केवल आत्महत्या के लिए उकसाने तक सीमित नहीं रह गया है,

बल्कि इसमें न्यायालय को कथित रूप से गुमराह कर जमानत प्राप्त करने का गंभीर पहलू भी जुड़ गया है। पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जांच की जा रही है तथा जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम ने की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा आईजीआरएस पर विशेष ध्यान देने के निर्देश

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) एवं विभिन्न जनकल्याणकारी विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से मंडी समिति, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, मुख्यमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था पेंशन तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य प्रमुख योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कड़े रुख में कहा कि आईजीआरएस पोर्टल मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में सम्मिलित है, जिसकी निरंतर उच्च स्तर पर समीक्षा की जाती है। उन्होंने असंतोषजनक प्रदर्शन करने वाले विभागों को सचेत करते हुए निर्देशित किया कि वे कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार लाएं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जो विभाग वर्तमान में बी, सी या डी श्रेणी में हैं, वे विशेष प्रयास कर ए श्रेणी (ग्रेड) में अपनी जगह बनाएं। इसके साथ ही जिन विभागों की रैंकिंग पहले से ए श्रेणी में है, वे उसे निरंतर बनाए रखना सुनिश्चित करें।

वृद्धावस्था पेंशन योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आवेदन प्राप्ति के बाद निर्धारित समय-सीमा 45 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को पाबंद किया कि वे अपने अधीनस्थ स्टाफ को निर्देशित करें कि लंबित आवेदनों व शिकायतों की सूची दैनिक आधार पर पटल पर रखी जाए, जिससे कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग हो सके।

पारिवारिक पहचान पत्र (फैमिली आईडी) योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष ही प्रगति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि नगर पालिका तथा समस्त नगर पंचायतों के अंतर्गत आने वाले सभी पात्र नागरिकों के अनिवार्य रूप से पारिवारिक पहचान पत्र बनाए जाएं। इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता क्षम्य नहीं होगी।

मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवासों की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कतिपय क्षेत्रों में भूमि विवादों के कारण निर्माण कार्य बाधित हो रहे हैं, जिससे जनपद की रैंकिंग प्रभावित हो रही है। इस संबंध में उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि चालू माह के अंत तक सभी विवादित प्रकरणों पर वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए विस्तृत टिप्पणी अंकित कराई जाए। उन्होंने राजस्व और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्थानीय स्तर पर आपसी समन्वय व समझौता स्थापित कराते हुए आगामी 10 दिनों के भीतर समस्त भूमि विवादों का निस्तारण कराएं, ताकि अवशेष आवासों का निर्माण कार्य अविलंब पूर्ण हो सके और जनपद की रैंकिंग में सुधार लाया जा सके।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व चन्द्रशेखर सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने मनाया राहुल का जन्मदिन

**चित्रकूट।** जिला कांग्रेस कमेटी चित्रकूट जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एडवोकेट के नेतृत्व में राहुल गांधी का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया। विनायकपुर स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर कांग्रेस पार्टी द्वारा सभी को फल और बिस्किट वितरण कर उनकी दीघार्यु होने की कामना की गई। जिलाध्यक्ष कुशल पटेल ने कहा जनप्रिय नेता राहुल का जन्मदिन पूरे देश मैं मनाया जा रहा है। आज देश विषम परिस्थिति से गुजर रहा है। जिसमें महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक जैसे गंभीर मुद्दे हैं। इन सभी मुद्दों को प्रमुखता के साथ राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी लड़ रही है। युवा, मजदूर, किसान, व्यापारी सभी की आवाज राहुल गांधी हैं। जिला कांग्रेस कमेटी उनके दीघार्यु होने की कामना करती है वहीं कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी रंजना बरातीलाल पांडेय ने कहा आज देश में लोकतंत्र को खरीदा जा रहा है चुने हुए सांसद विधायक और लोकतांत्रिक पार्टियों को सत्ता पक्ष द्वारा डरा कर पैसे का प्रलोभन देकर रातों-रात सांसद विधायक पाला बदल रहे हैं। इस विषम परिस्थिति में पूरे देश मैं विपक्ष की आवाज हम सबके नेता राहुल गांधी हैं। हम उनके लंबी उम्र की कामना करते हैं कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता डरने वाला नहीं लोकतंत्र की रक्षा के लिए राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करना है। इस मौके पर विजय मणि त्रिपाठी, कामता प्रसाद द्विवेदी, बृजेंद्र सिंह, राजेश सिंह पटेल, वीरेंद्र सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, हरिओम पांडेय, वृद्धाश्रम के प्रबंधक कामता प्रसाद द्विवेदी भी मौजूद रहे।

## ग्रामोदय विश्वविद्यालय में 21 जून को होगा चित्रकूट का सामूहिक योग कार्यक्रम

**चित्रकूट।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चित्रकूट के संत-महात्माओं, समस्त सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाएं, निकायों, प्रशासन, शैक्षिक एवं जनपद नगरवासियों का सामूहिक योग कार्यक्रम आगामी 21 जून को महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के खेल परिसर में आयोजित किया जाएगा।

इस आयोजन में चित्रकूट क्षेत्र के विभिन्न योग केंद्रों, सामाजिक संस्थाओं एवं नागरिकों की व्यापक सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने विश्वविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों से कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से प्रातः छः बजे तक विश्वविद्यालय परिसर में उपस्थित होने का आग्रह किया है, ताकि निर्धारित समयानुसार सामूहिक योगाभ्यास का संचालन किया जा सके।

विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा नामित कार्यक्रम संयोजक ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के इस सामूहिक आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली हैं तथा अधिक से अधिक लोगों से सहभागिता की अपील की है।

# केन्द्र सरकार के बारह वर्ष पूरे होने पर किया जनपद स्तरीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन

अखंड भारत संदेश




**चित्रकूट।** जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव द्वारा केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश में समेकित जन कल्याण एवं जन जागरुकता अभियान के अन्तर्गत आयोजित जनपद स्तरीय स्वास्थ्य मेला स्थान राष्ट्रीय रामायण मेला, सीतापुर चित्रकूट के अवसर पर कार्यक्रम में पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र द्वारा वर्ष 2014 के पूर्व की स्वास्थ्य सेवाओं के सापेक्ष वर्तमान में उपलब्ध करायी जा रही सेवाओं को विस्तार से बताते हुए जनपद में एमसीएच विंग खोह की स्थापना, स्वास्थ्य इकाईयों का सुदृढीकरण, आयुष्मान जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड बनाना व सेवा देना, गैर संचारी रोगों पर नियंत्रण पर किए जा रहे सरकार के प्रयास की सराहना की तथा आशा कार्यकत्रियों द्वारा जन-जन तक स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराए जाने की अपील की गयी।

पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल ने इस अवसर पर आशाओं की मनःस्थिति एवं समुदाय में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों का उल्लेख करते हुए आशाओं को मनोबल के साथ समाज में परिवर्तन लाने, लोगों की सोच बदलने और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को समय से उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया गया। पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा रंजना उपाध्याय ने जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेन्द्र कुमार त्रिपाठी को चित्रकूट में स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य किए जाने की ओर भी आकृष्ट किया गया। कार्यक्रम में महेन्द्र कोटार्य भाजपा जिलाध्यक्ष, पंकज अग्रवाल अध्यक्ष जिला कोआपरेटिव बैंक चित्रकूट/बांदा, नरेन्द्र गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका द्वारा भी संबोधित किया गया।

जिला स्वास्थ्य मेला के माध्यम से जन-जन तक समेकित जन कल्याण एवं जागरुकता के लिए आयुष्मान गोल्डेन कार्ड, टीबी नियंत्रण कार्यक्रम, गैर संचारी रोग कार्यक्रम, मातृ एवं बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, परिवार नियोजन कार्यक्रम, टीकाकरण कार्यक्रम, मलेरिया कार्यक्रम, आईडीएसपी कार्यक्रम, तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, मांनसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम से सम्बन्धित प्रदर्शनी लगायी गयी तथा आईसीडीएस विभाग, जिला प्रोवेशन अधिकारी द्वारा वन स्टॉप सेन्टर, कृषि विभाग व बैंक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग आदि के भी स्टॉल लगाकर जनमानस को जागरुक किया गया। साथ ही सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा एवं अन्य विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया गया।

डॉ. महेन्द्र कुमार त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जनपद की आवश्यकता के अनुरुप प्राथमिकता पर कार्य कराए जाने की बचन बद्धता रखते हुए सभी आशाओं को मां के गर्भवती होने से चरणबद्ध तरीके से कार्य करने के जिए आवांहन किया गया। जिसमें गर्भवती महिला का पंजीयन, जांच, संस्थागत प्रसव, बच्चे का टीकाकरण व सामाज में व्याप्त अन्य बीमारियों की स्क्रीनिंग एवं उपचार सम्मलित है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने यह भी अवगत कराया कि हमारा प्रथम प्रयास है कि सभी व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बन जाएं, चित्रकूट टीबी मुक्त हो जाए एवं चिकित्सालयों में सभी व्यक्तियों को उचित इलाज मिल सके। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली छः आशाओं एवं तीन सीएचओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित योजनाओं आयुष्मान कार्ड, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, दवाईयों की उपलब्धता, आंकक्षी जनपद होने पर डाक्टर की उपलब्धता, परिवार नियोजन, जननी सुरक्षा योजना कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि प्रत्येक आशा अपने क्षेत्र में निर्धारित लक्ष्य को पूरा करें, जिससे कि स्वास्थ्य विभाग की आशाओं से जो अपेक्षाऐं हैं, वह पूरी हों सके।

इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग से स्वास्थ्य मेले में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. महेन्द्र कुमार, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. जीआर रतमेले, डॉ. अरुण कुमार पटेल ने भी संबोधित किया। तथा संचालन जिला कार्यक्रम प्रबन्धक आरके करवरिया ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में ज्ञानचन्द्र शुक्ला डीपीसी, विकास कुशवाहा (डीसीपीएम), अरुण कुमार डीएमएचसी, रूपनारायण यादव कोआर्डिनेटर व गर्व तिवारी यूपीएचसी, डॉ. राजकमल मिश्रा, प्रशान्त कुमार श्रीवास्तव, आरके सिंह प्रभारी जिला मलेरिया अधिकारी, डॉ. बिलाल अहमद, नरोत्तम सिंह, राम अग्रवाल, पंकज गोयल एवं ब्लॉक स्तर से ब्लॉक कम्यूनिटी प्रोसेस प्रबन्धक द्वारा अपना सक्रिय योगदान दिया गया।

# पीसीआई मेम्बर अरुण त्रिपाठी ने सुनी पत्रकारों की समस्याएं

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** शुक्रवार को पुराने सर्किट हाउस (निरीक्षण भवन), चित्रकूट में प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा पत्रकारों की समस्याओं, चुनौतियों एवं उनसे संबंधित विभिन्न विषयों पर संवाद एवं विचार-विमर्श को लेकर बैठक का आयोजन कर जनपद के पत्रकारों से रूबरू हुए।

बैठक में मौजूद पत्रकारों ने अपने-अपने विचार रखते हुए प्रेस कॉउंसल ऑफ इंडिया के सदस्य अरुण त्रिपाठी के समक्ष अपनी समस्याएं रखी। पत्रकारों ने मेडिकल लाभ, पत्रकार पेंसन, सुरक्षा व पत्रकार सम्मान निधि आदि लाभ दिए जाने की मांगे रखी। पत्रकारों पर हो रहे फर्जी मुकदमे को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। इस दौरान प्रेस कॉउंसल ऑफ इंडिया के सदस्य त्रिपाठी ने कहा पत्रकार बंधुओ द्वारा रखी गई समस्याओं और सुझाओं को प्रेस कॉउन्सिल ऑफ इंडिया की बैठक में प्रमुखता से रखा जाएगा। उन्होंने कहा पीसीआई पत्रकार उत्पीड़न को लेकर गंभीर है। पत्रकारों का उत्पीड़न किसी कीमत में बर्दास्त नहीं किया जाएगा। पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर प्रेस कॉउंसल ऑफ इंडिया सजगता से कार्य कर रही है। त्रिपाठी ने कहा पत्रकार मान्यताओं को लेकर आ रही समस्याओं को गंभीरता से इस मुद्दे को उच्च पटल पर रखा जाएगा। जिससे मान्यता में कोई परेशानी न हो। इस मौके पर जिला सूचना अधिकारी चित्रकूट सुरेन्द्र कुमार, रमेश द्विवेदी, जियाउल हक, अखिलेश सोनकर, हेमनाराण द्विवेदी, पुष्पराज कश्यप, जीतेन्द्र मिश्रा, सौरभ द्विवेदी, विवेक तिवारी, विकास कुमार, सचिन वन्दन, अनिल सिंह, बंसीलाल, पवन सिंह, छोटेलाल, रामनारायण साहू, शिवमंगल अग्रहरि समेत आधा सैकड़ा के करीब पत्रकार मौजूद रहे।

## पीएम किसान उत्सव दिवस के लाइव प्रसारण की तैयारी पूरी, जिले भर में होंगे विशेष कार्यक्रम

**चित्रकूट।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त जारी किए जाने के उपलक्ष्य में शनिवार को जिले में पीएम किसान उत्सव दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिले एवं विकास खंड स्तर पर किसानों को प्रधानमंत्री के संबोधन से जोड़ने के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं।

मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर (हुगली) से किसानों को संबोधित करेंगे तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों के खातों में सम्मान निधि की किस्त हस्तांतरित करेंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले के विभिन्न स्थलों पर कराया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक किसान इस आयोजन से जुड़ सकें।

उन्होंने बताया कि जनपद स्तरीय मुख्य कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार कर्वी में आयोजित होगा। इसके अलावा विकास खंड पहाड़ी, मानिकपुर, मऊ एवं रामनगर के सभागारों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कृषि विभाग, सहकारिता विभाग तथा कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्यक्रम के सफल संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी कार्यक्रम स्थलों पर एलईडी स्क्रीन, साउण्ड व्यवस्था, बैठने की सुविधा तथा अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था समय से सुनिश्चित कर ली जाए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक किसानों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए ताकि सरकार की योजनाओं की जानकारी सीधे लाभार्थियों तक पहुंच सके।

कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, प्रगतिशील किसान, किसान उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधि, बीमा प्रतिनिधि, ड्रोन सखी, पशु सखी, बैंक सखी तथा कृषि क्षेत्र से जुड़े अन्य हितधारकों को भी आमंत्रित किया गया है। प्रशासन का प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों को कार्यक्रम से जोड़कर उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत कृषि एवं राजस्व विभाग के कर्मचारी अपने-अपने कार्यक्षेत्र में मौजूद रहेंगे और किसानों को कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाएंगे। इसके लिए ग्राम स्तर पर भी व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि कार्यक्रम में किसानों की अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की तकनीकी या व्यवस्थागत समस्या न आने पाए। प्रशासन का मानना है कि इस आयोजन से किसानों को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने में मदद मिलेगी और उन्हें सीधे प्रधानमंत्री के संबोधन का लाभ प्राप्त होगा।

## मंडी व्यापारियों ने किराया वृद्धि और नई ऐप व्यवस्था का किया विरोध, निदेशक को भेजा ज्ञापन

**चित्रकूट।** कृषि उत्पादन मंडी समिति कर्वी के व्यापारियों ने मंडी में लागू की गई नई ऐप एवं टैग व्यवस्था, दुकानों के किराये में वार्षिक वृद्धि तथा लाइसेंस नवीनीकरण की नई शर्तों का विरोध जताते हुए मंडी निदेशक को ज्ञापन भेजा है। व्यापारियों ने नई व्यवस्था को व्यापारी हितों के विपरीत बताते हुए तत्काल पुनर्विचार की मांग की है।

जिला उद्योग व्यापार मंडल के नेतृत्व में भेजे गए ज्ञापन में व्यापारियों ने कहा है कि मंडी समिति द्वारा वाहनों पर नई ऐप और टैग प्रणाली लागू की गई है, लेकिन इस संबंध में व्यापारी संगठनों से कोई चर्चा नहीं की गई। व्यापारियों का कहना है कि नई व्यवस्था के कारण तकनीकी समस्याएं बढ़ रही हैं और अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी उठाना पड़ रहा है।

व्यापारियों ने मंडी परिसर की दुकानों एवं प्रतिष्ठानों के किराये में प्रतिवर्ष पांच प्रतिशत वृद्धि किए जाने के प्रावधान का भी विरोध किया है। उनका कहना है कि पहले से ही व्यापारिक गतिविधियां विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रही हैं, ऐसे में लगातार किराया बढ़ाया जाना व्यापारियों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। उन्होंने इस व्यवस्था को समाप्त करने की मांग उठाई है।

ज्ञापन में ऑनलाइन मंडी पोर्टल और मोबाइल ऐप की तकनीकी खामियों का भी उल्लेख किया गया है। व्यापारियों के अनुसार कई बार शुल्क जमा करने के बावजूद पोर्टल पर बकाया राशि दिखाई देती है, जिससे अनावश्यक विवाद और भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है। इसके अलावा सर्वर बार-बार डाउन होने के कारण तौल पर्ची जारी करने, वाहन प्रवेश दर्ज करने और भुगतान संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे हैं।


व्यापारियों का कहना है कि रियल टाइम लेनदेन की सुविधा उपलब्ध न होने से कार्यप्रणाली में पारदर्शिता भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने मांग की है कि पोर्टल एवं ऐप की सभी तकनीकी कमियों को दूर कर व्यवस्था को अधिक सुगम और प्रभावी बनाया जाए।

मंडी व्यापारियों ने लाइसेंस नवीनीकरण की नई प्रक्रिया पर भी आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि गारंटी एवं शपथ पत्र जैसी अनिवार्य शर्तों के कारण अनावश्यक जटिलताएं बढ़ रही हैं। उन्होंने पुरानी और सरल व्यवस्था को पुनः लागू करने की मांग की है।

ज्ञापन में मंडी निदेशक से व्यापारियों के साथ वार्ता कर उनकी समस्याओं का समाधान निकालने तथा नई व्यवस्था पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया गया है। ज्ञापन की प्रतिलिपि कृषि मंत्री, जिलाधिकारी और उपनिदेशक कृषि उत्पादन मंडी परिषद झांसी को भी भेजी गई है।

## 2027 में प्रदेश में फिर से बनेगी एनडीए की सरकार : अनिल दुबे

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** राष्ट्रीय लोक दल के महासचिव अनिल दुबे के शुक्रवार को चित्रकूट आगमन पर राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकताओं और सामाजिक संगठनों द्वारा जोरदार स्वागत अभिनंदन किया गया। उनके जनपद आगमन पर बड़ी संख्या में लोगों ने पूर्व विधायक दिनेश प्रसाद मिश्रा के नेतृत्व में उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। इस दौरान उन्होंने जिला मुख्यालय में कार्यकताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि सभी पार्टीजन 2027 में उत्तर प्रदेश में पुनः एनडीए की सरकार को बनाने के लिए और गांव-गांव नगर नगर अभियान चलाकर सरकार की कल्याणकारी नीतियों को आम जनता तक पहुंचाएं। दुबे ने कहा कि उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन नाम की कोई चीज नहीं है और जो है भी उसे जनता का समर्थन प्राप्त नहीं है। उत्तर प्रदेश में कानून का राज्य है और रात के 12:00 बजे महिलाएं और बच्चे निर्भीक होकर सड़कों में आ जा रहे हैं। जबकि सपा और बसपा की सरकार में ऐसा नहीं था। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में किसानों को उनके उपज का लाभकारी मूल्य मिल रहा है और उन्हें समय पर फसलों का भुगतान में मिल रहा है। यही कारण है कि राष्ट्रीय लोकदल ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सभाओं और रैलियां की श्रृंखला शुरू की है, उसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हो कर 2027 में पुनः एनडीए को सत्ता में लाने का संकल्प ले रहे हैं।

इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य कृष्ण कुमार पाण्डेय, राजा बकटा, नवल सिंह चंदेल, आदर्श मिश्रा, सचिन त्रिपाठी, कमलेश जायसवाल, आसाराम कुशवाहा, हर्ष गुप्ता, शशिकांत त्रिपाठी अन्य सहयोगी सहित समस्त कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# भारत का अगला शिकार है ये देश, बड़ी तैयारी शुरू, भेजे गए हथियार

**कनाडा**

**एक** देश भारत के लिए बहुत बड़ा सरदर्द बन गया है। यह देश भारत विरोधी अपराधियों और आतंकियों का नया अड्डा बन गया है। इसी वजह से यह देश भारत के टारगेट पर आ गया है। यह देश भारत का अगला बड़ा शिकार बनने वाला है। इसका सबसे बड़ा कारण ये है कि पाकिस्तानी आतंकियों के साथ-साथ ये देश अब खस्तानियों का नया घर बन गया है। अभी तक खालिस्तानी कनाडा से अपना सबसे बड़ा नेटवर्क चला रहे थे। लेकिन भारत सरकार के एक्शन के बाद कनाडा की सरकार ने खालिस्तानियों पर नकेल कसनी शुरू कर दी। जिसके बाद पाकिस्तान की मदद से खालिस्तानियों ने अपना नेटवर्क इस देश में बनाना शुरू कर दिया। अजरबैजान ही भारत का अगला बड़ा टारगेट है। वैसे हम आपको बता दें कि भारत ने अजरबैजान का तगड़ा इलाज शुरू भी कर दिया है। मुस्लिम देश अजरबैजान की गर्दन तोड़ने के लिए उसके पड़ोसी देश में भारत के हथियार पहुंचा दिए गए हैं।

दरअसल यह तो आप जानते ही हैं कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का साथ दिया था। अजरबैजान को पाकिस्तान और तुर्की का पूरा समर्थन मिलता है। ये तीनों देश मिलकर भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा षड्यंत्र कर रहे हैं। इसी



कड़ी में अजरबैजान की राजधानी बाकू में एक बहुत बड़ी भारत विरोधी कांफ्रेंस हुई। इस कांफ्रेंस में खुलकर भारत को बर्बाद करने की बातें की गई। बाकू में हुई इसी कॉन्फ्रेंस में पाकिस्तानी और खालिस्तानी आतंकी पहुंचे। भारत में आतंक फैलाने के लिए इन सभी ने सिखों और मुस्लिमों का नाम लेना शुरू कर दिया। इस कांफ्रेंस में गद्दार खालिस्तानियों ने कहा कि हमारे सिख भाई परेशान है जबकि असलियत यह है कि खालिस्तानी सिख नहीं है। खालिस्तानियों का सिख धर्म से कुछ लेना देना नहीं है। भारत के सिखों का नाम लेकर यह खालिस्तानी आतंकी पाकिस्तान के टुकड़ों पर पलते हैं और अब इन्होंने अपनी नई दुकान अजरबैजान में खोल ली है। अजरबैजान में हुई इस भारत विरोधी बैठक में पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के मंत्री रमेश सिंह अरोड़ा पहुंचे। इसी के साथ कनाडा, यूके और अमेरिका से आए खालिस्तानी समर्थकों ने भी इस कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लिया।

इस कांफ्रेंस की शुरूआत में कनाडा में मारे गए खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निजर के लिए मौन रखा गया। खतरे की बात यह है कि अजरबैजान में हुए इस सम्मेलन के 11 दिन बाद ही गुजरात के स्कूलों और फिर उसके बाद मंदिरों और सरकारी इमारतों में ब्लास्ट की धमकियां मिलनी शुरू हो गई। धमकी भरे ईमेल खालीस्तान नेशनल आर्मी ने भेजे थे। यह साबित करता है कि भारत में दहशत फैलाने का यह पैटर्न अजरबैजान की बैठक में तैयार किया गया था। इसी कड़ी में दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और महाराष्ट्र में भी धमकी भरे ईमेल आए। इनमें भी हिंदू मंदिरों, सरकारी इमारतों, स्कूलों और रेल नेटवर्क को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। यानी पानी सर के ऊपर जा चुका है। कुछ लोगों का कहना है कि भारत ने अजरबैजान के पड़ोसी और दुश्मन अर्मेनिया को हथियार दिए थे। इसीलिए अजरबैजान खालीस्तानियों को अपनी जमीन दे रहा है। लेकिन भारत ने अजरबैजान के पक्के इलाज की तैयारी शुरू कर दी है।

भारत अर्मेनिया में एक बहुत बड़ा नेटवर्क बना रहा है। हो सकता है कि आने वाले दिनों में आपको अजरबैजान में भी अज्ञात हमलावर दिख जाएं। वैसे भारत ने अर्मेनिया में गोला बारूद भर दिया है।

# अफगानिस्तान के लिए भारत ने निकाले विमान, भेजी 5 टन की मदद

**अफगानिस्तान**

**मुश्किल** दौर से गुजर रहे अफगानिस्तान की मदद के लिए भारत एक बार फिर आगे आया है। भारत ने मानवीय सहायता के तहत काबुल को 5 टन जरूरी दवाइयों की खेप भेजी। यह कदम सिर्फ राहत सामग्री पहुंचाने तक सीमित नहीं है बल्कि दोनों देशों के दशकों पुराने रिश्तों और भारत की उस नीति को दशार्ता है जिसमें जिसमें पड़ोसी देशों के लोगों के कल्याण को प्राथमिकता दी जाती है। इससे पहले भी भारत ने अफगानिस्तान के स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। हाल ही में भारत ने अफगान स्वास्थ्य अधिकारियों को आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की सौगात दी थी। इनमें नवजात और बच्चों के इलाज में इस्तेमाल होने वाले उपकरण, वेंटिलेटर, मरीजों की निगरानी करने वाली मशीनें, कार्डियोग्राफ मशीन, प्लास्टिक सर्जरी किट और अन्य विशेष मेडिकल उपकरण शामिल थे। इन संसाधनों से अफगान अस्पतालों की क्षमता बढ़ने की उम्मीद थी।



भारत लगातार यह संदेश दे रहा है कि उसकी प्राथमिकता अफगान की जनता है। चाहे खाद्य सुरक्षा का सवाल हो, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हो या फिर शिक्षा और कौशल विकास के पहलू। भारत ने हर स्तर पर अफगान लोगों का साथ निभाने की कोशिश की। संयुक्त राष्ट्र में भी भारत ने साफ कहा है कि वह अफगान में शांति, स्थिरता और विकास के लिए सहयोग जारी रखेगा। दरअसल भारत और अफगानिस्तान के रिश्ते सिर्फ कूटनीतिक नहीं बल्कि ऐतिहासिक और सांस्कृतिक भी हैं। दोनों देशों के संबंध सदियों पुराने हैं। पिछले दो दशकों में भारत ने अफगानिस्तान के विकास में अरबों डॉलर का निवेश किया। काबुल में संसद भवन का निर्माण, अफगान भारत मैत्रीबान, सड़कों और बिजली परियोजनाओं का विकास, अस्पताल और स्कूलों की स्थापना जैसे कई बड़े प्रोजेक्ट भारत की साझेदारी की मिसाल थी। इसके अलावा हजारों अफगान छात्रों को भारत में पढ़ाई के लिए छात्रवधियां भी दी गई। यही वजह है कि अफगानिस्तान में भारत के प्रति सकारात्मक भावना आज भी दिखाई देती है। सत्ता परिवर्तन के बाद भी भारत ने अपने मानवीय सहयोग को जारी रखा और आम अफगान नागरिकों की मदद पहुंचाने का प्रयास किया। यहां पर एक और बात गौर करने वाली है।

# मध्य पूर्व में बढ़ेगा भरोसा और स्थिरता

**मध्य पूर्व**

**पोप** लियो IV ने ईरान और अमेरिका के बीच होने वाले शांति समझौते का स्वागत किया। शुक्रवार को इस समझौते पर हस्ताक्षर होने हैं। पोप ने उम्मीद जताई कि इस समझौते से मध्य पूर्व में आपसी भरोसा, सुरक्षा और स्थिरता आएगी। एक्स पर एक पोस्ट में, पोप ने इस समझौते को बातचीत और बातचीत के जरिए किए गए धैर्यपूर्ण काम का नतीजा बताया। समझौते में शामिल देशों का आभार जताते हुए, पोप ने उम्मीद जताई कि इससे लोगों के बीच बातचीत और सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। पोस्ट में लिखा था, मैं इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच हुए समझौते का खुशी के साथ स्वागत करता हूँ, जिस पर शुक्रवार को हस्ताक्षर किए जाएँगे। यह समझौता बातचीत और बातचीत के जरिए किए गए धैर्यपूर्ण काम का एक उत्साहजनक नतीजा है। मैं उन देशों का आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने दोनों पक्षों के



बीच बैठक कराने और इस समझौते को संभव बनाने के लिए काम किया है। मुझे उम्मीद है कि यह समझौता मध्य पूर्व में आपसी भरोसे, सुरक्षा और स्थिरता को मजबूत करने में मदद करेगा और लोगों के बीच बातचीत और सहयोग के रास्ते खोलेगा।

उनके ये बयान ऐसे समय में आए हैं जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ चल रही शांति प्रक्रिया में भारी अनिश्चितता पैदा कर दी है। हालांकि महीनों से चल रहे तनाव को खत्म करने और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए सैद्धांतिक रूप से सहमति बन गई है, लेकिन राष्ट्रपति ने बुधवार को संकेत दिया कि युद्धविराम अभी भी शर्तों पर आधारित और नाजुक है। मिस्र के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान ट्रंप ने इस बात पर जोर दिया कि अभी जो समझौता ज्ञापन सामने है, वह कोई अंतिम या न बदला जा सकने वाला दस्तावेज नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर तेहरान आने वाले समय में होने वाले औपचारिक समझौते में तय की गई उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता है, तो अमेरिका फिर से सैन्य कार्रवाई करने के लिए तैयार है।

# भारत के दो दोस्त धांसू डील को तैयार, एक बनाएगा विमान, दूसरा बनाएगा हथियार!




**थाईलैंड**

**भारत** और थाईलैंड के बीच में जो सहमति बनी है वो क्रांतिकारी साबित हो सकती है। तो वहीं अपने मित्र के साथ यानी कि ब्राजील अपने दोस्त भारत के साथ ऐसे प्लान तैयार करना चाह रहा है जो वाकई में बहुत बड़ा गेम चेंजर मूव साबित हो सकता है। चाइना के सामने एक बड़ी चुनौती भारत है। थाईलैंड भी सतर्क है क्योंकि साउथ चाइना सी का खतरा लगातार बढ़ता चला जा रहा है। तो भारत और थाईलैंड के बीच में डिफेंस डायलॉग हुआ है और यह बहुत अहम बैठक है और 2025 में दोनों देशों के अपने संबंध को स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप का दर्जा दिया और अब रक्षा सहयोग को नेक्स्ट लेवल पर ले जाने की तैयारी है। ब जो चचाएं हुई हैं, भारत और थाईलैंड के बीच में जो बैठक हुई, उसमें यह तय हुआ है कि साझा डिफेंस मैन्युफैक्करिंग पर काम करते हैं। रिसर्च इनोवेशन पर काम करते हैं। कोऑपरेशन बढ़ाते हैं। यानी कि जो मिलिट्री टू मिलिट्री एक्सचेंज है, ट्रेनिंग एक्सचेंज हैं, उसमें तेजी आने वाली है। एक तो इंडोपेसिफिक क्षेत्र में सामरिक सहयोग अगर बढ़ेगा तो भारत और थाईलैंड दोनों को ही हिंद महासागर और दक्षिण चीन सागर में बहुत महत्वपूर्ण भौगोलिक स्थिति में रखेगा। इस बैठक में दोनों देशों के बीच इंडोपेसिफिक क्षेत्र की सुरक्षा पर चर्चा भी हुई है।

# 'जातीय नीति' से तिब्बतियों में भारी खौफ

**तिब्बतियों**

**चीनी** अधिकारियों ने तथाकथित हैनान तिब्बती स्वायत्त प्रान्त में एक बड़ा अभियान शुरू किया है। इसमें तिब्बती धार्मिक प्रतीकों, सांस्कृतिक परंपराओं और स्थानीय सरकारी अधिकारियों को निशाना बनाया जा रहा है। कार्यकताओं का कहना है कि यह तिब्बतियों को चीनी राज्य के ढांचे में शामिल करने की एक तेज कोशिश है। तिब्बत टाइम्स के मुताबिक, अप्रैल 2026 में इस प्रान्त के कम्युनिस्ट पार्टी सचिव के तौर पर चीनी अधिकारी श्योंग युआनलाई की नियुक्ति के बाद यह कार्रवाई और तेज हो गई। तब से, अधिकारियों ने चाबचा, त्रिका,



मांगरा, बा और ड्रैगकर जैसे इलाकों में कई कदम उठाए हैं, जिससे स्थानीय तिब्बतियों में भारी परेशानी और बेचैनी है। सूत्रों ने बताया कि तिब्बती बौद्ध धर्म के अहम प्रतीक माने जाने वाले सैकड़ों पवित्र 'मणि पत्थर के ढेर' को योजनाबद्ध तरीके से नष्ट कर दिया गया और जमीन में दबा दिया गया।

खबरों के अनुसार, अधिकारियों ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की जातीय नीतियों को बढ़ावा देकर और धार्मिक परंपराओं पर राज्य के अधिकार पर जोर देकर इस अभियान को सही ठहराया है। एक सूत्र ने दावा किया कि इस इलाके में 90 प्रतिशत से ज्यादा 'मणि पत्थर' के ढांचे पहले ही हटा दिए गए हैं। यह सख्ती अब निजी घरों तक भी पहुँच गई है। कई समुदायों में प्रार्थना वाले झंडे, विंड-हॉर्स झंडे और दरवाजों पर लगाए जाने वाले पारंपरिक बैनर हटाकर जला दिए गए हैं। आरोप है कि स्थानीय लोगों को अपनी छतों पर चीन का राष्ट्रीय झंडा लगाने के लिए मजबूर किया गया है, जिससे इलाके के पुराने धार्मिक और सांस्कृतिक प्रतीक हट गए हैं।

# 24 जुलाई तक जारी रहेगा एयरस्पेस बैन

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** ने भारतीय रजिस्टर्ड विमानों के लिए अपने एयरस्पेस पर लगी पाबंदियों को एक और महीने के लिए, यानी 24 जुलाई तक बढ़ा दिया। ये पाबंदियां पहली बार अप्रैल 2025 में लगाई गई थीं, जब आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 26 लोगों की हत्या कर दी थी। इसके बाद दोनों परमाणु-सक्षम देशों के बीच तनाव पैदा हो गया था, जो चार दिन के सैन्य संघर्ष में बदल गया। भारत ने भी पाकिस्तानी विमानों के अपने एयरस्पेस के इस्तेमाल पर इसी तरह की पाबंदियां लगाई हैं। पाकिस्तान एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ने बुधवार को जारी एक नोटिस में कहा कि भारतीय विमानों - सिविल और मिलिट्री दोनों - पर यह रोक 16 जून को शाम 5:50 बजे से 24 जुलाई को सुबह 4:59 बजे तक लागू रहेगी। दोनों देशों के बीच सैन्य तनाव तो कम हुआ है, लेकिन राजनयिक संबंध अभी भी तनावपूर्ण बने हुए हैं क्योंकि दोनों पक्ष संकट के दौरान शुरू किए गए जवाबी कदम उठाना जारी रखे हुए हैं।

# पाक में घातक कार्रवाई को लेकर पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना हो रही

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान**–अधिकृत जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हिंसक कार्रवाई करने के आरोपों के बाद पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कड़ी आलोचना हो रही है। इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स फाउंडेशन ने अधिकारियों पर यह आरोप लगाया है। इस कार्रवाई के कारण 8 जून और 16 जून, 2026 के बीच 32 से ज्यादा आम नागरिकों की मौत हो गई। एक्स पर शेयर की गई एक पोस्ट में आईएचआरएफ ने 'जम्मू-कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी' से जुड़े प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बल के अत्यधिक इस्तेमाल की निंदा की। यह संकट तब और बढ़ गया जब अधिकारियों ने 5 जून को आतंकवाद-रोधी कानूनों के तहत खङखअअउ को "प्रतिबंधित संगठन" घोषित कर दिया। क्लफ्क्ष्ह के अनुसार, इस कदम के बाद पूरे इलाके में इंटरनेट और मोबाइल नेटवर्क बंद कर दिए गए, संघीय अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया, कार्यकताओं और राजनीतिक नेताओं की बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियां हुईं और इलाके में आने-जाने पर पाबंदियां लगा दी गईं।

IHRF ने दावा किया कि 100 से ज्यादा कार्यकताओं और नेताओं को बिना किसी ठोस वजह के हिरासत में लिया गया है। संगठन ने पाकिस्तान के 'प्रिवेंशन ऑफ इलेक्ट्रॉनिक क्राइम्स एक्ट' के तहत पत्रकार सोहराब बरकत की गिरफ़्तारी का भी ज़िक्र किया और प्रेस की आजादी व अभिव्यक्ति की आजादी को लेकर चिंता जताई। संगठन का तर्क है कि हालिया हिंसा ढङ्खङ में मानवाधिकारों के उल्लंघन के एक बड़े



पैटर्न को दिखाती है। इसने मई 2024 और अक्टूबर 2025 में JKJAAC के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों पर की गई कार्रवाई की ओर भी इशारा किया, जिसमें आम नागरिकों की भी जान गई थी।

IHRF के अनुसार, इस इलाके के लोगों को राजनीतिक भागीदारी, इकट्ठा होने की आजादी और संगठन बनाने की आजादी पर पाबंदियों का सामना करना पड़ रहा है। समूह ने कहा कि ऐसे कदम 'इंटरनेशनल कोवेनेंट ऑन सिविल एंड पॉलिटिकल राइट्स' के तहत पाकिस्तान की ज़िम्मेदारियों का उल्लंघन करते हैं। क्लफ्क्ष्ह ने पाकिस्तान सरकार और PoJK प्रशासन से मांग की कि वे प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बल प्रयोग तुरंत बंद करें, इंटरनेट और मोबाइल सेवाएँ बहाल करें, बिना वजह हिरासत में लिए गए सभी लोगों को रिहा करें और JKJAAC पर लगी पाबंदी हटाएँ।


अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# पाकिस्तान में बड़ी कंपनियां बंद? जिहाद ने बनाया 'भिखारी'!

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** इस समय अपने इतिहास के सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि अब पानी सिर के ऊपर बहने लगा है। देश पर इस समय करीब 4.8 अरब डॉलर का विदेशी कर्ज चुकाने का भारी दबाव है। लेकिन कर चुकाना तो दूर अब दुनिया के बड़े-बड़े निवेशकों का भरोसा भी पाकिस्तान से पूरी तरह से उठ चुका है। नतीजा यह है कि विदेशी निवेश यानी एफडीआई तेजी से पतालोक में जा रहा है। कई बड़ी देसी और विदेशी कंपनियां पाक छोड़कर जा रही हैं। जानकार इस स्थिति के लिए उसकी विकास की जगह जिहादी सोच वाली पॉलिसी को दोष दे रहे हैं।

टाइम्स ऑफ ओमान की एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक साल 2026 में पाकिस्तान में आने वाला विदेशी निवेश करीब 33% गिरकर सिर्फ 1.19 अरब डॉलर रह गया है। साथियों जरा सोचिए साल 2023-24 में यह 1.92 अरब डॉलर था जो अगले साल गिरकर 1.83 अरब डॉलर हुआ और अब तो यह बिल्कुल औंधे मुंह गिर गया है। अगर देश की कुल जीडीपी के हिसाब से देखें तो विदेशी निवेश अब 0.45% से भी नीचे आ चुका है। बाहर का कोई भी देश अब पाकिस्तान में ?1 भी लगाने को तैयार नहीं है। माहौल इतना खराब है कि कई मल्टीनेशनल कंपनियां अब बुरिया बिस्तर समेटकर पाकिस्तान छोड़ रही हैं। साथियों, हाल ही में मशहूर कंपनी ढठऋ ने अपना मैन्युफैक्करिंग यूनिट वहां पर बंद करने का फैसला ले लिया। इसके




अलावा शेल, टेलीनोर, वी१, और एनी जैसे दिग्गज कंपनियां या तो पाकिस्तान से बाहर निकल चुकी हैं या अपना कारोबार समेट रही हैं। कई विदेशी बैंक और दवा कंपनियां भी देश छोड़कर भाग रही हैं। अब आप सोच रहे होंगे कि इस मंदी का पाकिस्तान के आम लोगों पर क्या असर हो रहा है। दरअसल पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से इंपोर्ट यानी विदेशों से आने वाले सामान पर टिकी है। फ्यूल से लेकर खाने-पीने की चीजों तक सब बाहर से आता है। हर साल पाकिस्तान अपनी जीडीपी का करीब 4% हिस्सा सिर्फ खाड़ी देशों से तेल और फर्टिलाइजर खरीदने में उड़ा देता है।

डॉलर की कमी के कारण अब देश में तेल और बिजली का भयंकर संकट पैदा हो गया है। हालात इतने बद से बदतर हो चुके हैं कि सरकार को बिजली बचाने के लिए स्कूल बंद करने पड़ रहे हैं और दफ्तरों में काम के दिन घटाने पड़ रहे हैं। लेबर फोर्स सर्वे के आंकड़े बताते हैं कि देश में बेरोजगारी दर बढ़कर करीब 7% तक जा पहुंचा है। पाकिस्तान के ऊपर कर्ज का बोझ कितना है? इसका अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि वित्त वर्ष 2025 के आखिर तक देश का कुल सरकारी कर्ज बढ़कर करीब 80.52 ट्रिलियन रुपए हो गया है। वहीं बाहरी कर्ज भी 138 अरब डॉलर के पार जा पहुंचा है। यह कर्ज अब पाकिस्तान की कुल जीडीपी के करीब 70% के बराबर है। आर्थिक जानकारों का साफ कहना है कि अगर पाकिस्तान ने समय रहते अपनी आदतें सुधारी होती और कट्टरवाद, आतंकवाद या जिहादी सोच को पनपने नहीं देता और उसकी जगह विकास और आर्थिक सुधारों पर ध्यान दिया होता तो आज वो कंगाली की कगार पर नहीं खड़ा होता। आज दुनिया में उसकी छवि एक भिखारी देश जैसी नहीं बनी होती।